www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

मौसम
अधिकतम तापमान 32.c
27.c न्यूनतम तापमान

बाजार
सोना 92.955g
चांदी 91.500 kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

2 पंथनिरपेक्षता की खिल्ली उड़ाते कानून, आज कोई सेक्युलरिज्म की बात नहीं करता

मंदिर जा रही महिला की सड़क हादसे में मौत 04

वर्ष :08 | अंक :288 | मुंबई ,गुरूवार , 10 अप्रैल , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2: 00 रुपए

संक्षिप्त समाचार

## मध्यप्रदेश में जालसाजों ने बनाई आयुष मंत्रालय की फर्जी वेबसाइट, नौकरी का दिया विज्ञापन

मध्यप्रदेश में जालसाजों ने आयुष विभाग की फर्जी वेबसाइट बनाकर बड़ा घोटाला कर दिया है। आयुष विभाग की फर्जी वेबसाइट बनाकर सोशल मीडिया पर उसकी जानकारी शेयर की गई।इसके बाद झूठी भर्तियों की जानकारी भी दी गई। जैसे ही सरकार को इसकी भनक लगी, सरकार को स्पष्टीकरण भी जारी करना पड़ा।सरकार ने इसे पूर्ण रूप से भ्रामक और निराधार बताया है। बता दें कि बीते एक महीने पहले ही घोटालेबाजों ने ई औषधि मध्य प्रदेश नाम से फेजबुक पेज पर आयुष विभाग में 2972 पदों के लिए फर्जी ऐड को पोस्ट किया था। इस ऐड में फर्जी वेबसाइट के लिंक को शामिल किया गया था। इस पोस्ट में स्टोर मैनेजर (528 पद), सहायक स्टोर मैनेजर (988 पद) और डाटा एंट्री ऑपरेटर (1,456 पद) के पद पर नियुक्ति की गई है।इन पदों पर आवेदन करने के लिए 500 रुपये का भुगतान करना होगा। उम्मीदवारों को ई आईडी भी देनी होगी। जानकारी के मुताबिक आवेदन करने के लिए समय सीमा सात मार्च से शुरू होकर छह अप्रैल तक रखी गई थी।

## पाक से लगती सीमा पर आईईडी विस्फोट में बीएसएफ का जवान घायल

पंजाब में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा बाड़ के पास बुधवार को हुए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का एक जवान घायल हो गया। बल ने एक बयान में यह जानकारी दी। भारत के पश्चिमी हिस्से में इस संवेदनशील सीमा पर आईईडी लगाए जाने की यह एक दुर्लभ घटना है। इसमें कहा गया है कि यह घटना गुरदासपुर जिले में आठ और नौ अप्रैल की मध्य रात्रि को हुई। बल ने बताया कि बीएसएफ का एक दल रात के समय सीमा सुरक्षा बाड़ के आगे गश्त कर रहा था और उसने भारतीय क्षेत्र में छिपाए गए तारों के साथ कई आईईडी का पता लगाया। इस गश्ती दल का उद्देश्य क्षेत्र पर नियंत्रण रखना और सैनिकों, रक्षा कर्मियों तथा दिन के समय अक्सर इस मार्ग से होकर गुजरने वाले स्थानीय किसानों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। बयान में कहा गया है कि इलाके की घेराबंदी, छानबीन और तलाशी के दौरान कुछ आईईडी के विस्फोटक उपकरण दुर्घटनावश से फट गए, जिसके कारण बीएसएफ के एक जवान के पैर में गंभीर चोट लग गई। बल ने बताया कि शेष आईईडी को निष्क्रिय कर दिया गया।

# नया वक्फ एक्ट धार्मिक स्वतंत्रता-संविधान पर हमला:राहुल गांधी

**आरोप**

▶▶राहुल गांधी ने कहा कि मैं जानना चाहता था कि इस देश में किसकी कितनी हिस्सेदारी है और क्या यह देश सही मायने में आदिवासी, दलित और पिछड़े समुदायों का सम्मान करता है। पीएम नरेंद्र मोदी और आरएसएस ने जाति जनगणना से साफ इनकार कर दिया क्योंकि वे नहीं चाहते कि इस देश में अल्पसंख्यकों को कितना हिस्सा मिलता है।

### ▶▶राहुल गांधी बोले- कांग्रेस ही आरएसएस और बीजेपी को हराएगी

"राहुल गांधी ने दावा किया कि देश में आर्थिक तूफान आने वाला है . उन्होंने कहा कि ट्रंप टैरिफ से ध्यान भटकाने के लिए वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर संसद में देर रात तक ड्रामा किया गया . बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के साथ बैंकाक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बैठक का उल्लेख करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि यूनुस ने भारत के खिलाफ बयानबाजी की लेकिन प्रधानमंत्री उनके साथ बैठे हुए थे . उन्होंने कहा, कहां गई 56 इंच की छाती?

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज फिर कहा है कि सरकार बनी तो जाति जनगणना पर कानून बनाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का हिंदुस्तान की सभी संस्थाओं पर अतिक्रमण हो गया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि गांधी की विचारधारा और संघ की विचारधारा में फर्क है। राहुल ने दावा किया कि कांग्रेस ही आरएसएस और भाजपा को हराएगी। उन्होंने दावा किया कि नया वक्फ एक्ट धार्मिक स्वतंत्रता-संविधान पर हमला है। उन्होंने कहा कि हमने तेलंगाना में जाति जनगणना का क्रांतिकारी कदम उठाया। उससे कुछ महीने पहले, मैंने संसद में पीएम नरेंद्र मोदी से पूछा था कि हमें देश में जाति जनगणना करवानी चाहिए।



राहुल गांधी ने कहा कि मैं जानना चाहता था कि इस देश में किसकी कितनी हिस्सेदारी है और क्या यह देश सही मायने में आदिवासी, दलित और पिछड़े समुदायों का सम्मान करता है। पीएम नरेंद्र मोदी और आरएसएस ने जाति जनगणना से साफ इनकार कर दिया क्योंकि वे नहीं चाहते कि इस देश में अल्पसंख्यकों को कितना हिस्सा मिलता है। मैंने उनसे कहा कि हम संसद में आपके सामने ही जाति जनगणना कानून पारित करेंगे। उन्होंने कहा कि मैंने इंदिरा गांधी जी से सवाल पूछा था कि आपके दुनिया में न रहने पर लोगों को आपके बारे में क्या बोलना और सोचना चाहिए। इसके बाद राहुल के मुताबिक इंदिरा गांधी ने कहा था कि राहुल, मैं सिर्फ अपना काम करती हूं। मेरे न रहने पर लोग मेरे बारे में क्या सोचते हैं, उसकी परवाह मुझे नहीं है। मेरा फोकस सिर्फ अपने काम पर है। मेरे न रहने पर दुनिया अगर मुझे भूल भी जाए तो मुझे मंजूर है, क्योंकि मैंने अपना काम सही तरीके से किया है। यही मेरी भी सोच है कि लोग क्या सोचते हैं, उससे मुझे फर्क नहीं पड़ता।

# मुंबई हमले के दोषी तहव्वुर को लाया जा रहा भारत

### अमेरिकी सरकार बोली- राणा का रोल साबित हुआ

अमेरिकी सरकार का कहना है, हेडली ने बताया है कि राणा ने एक शख्स को आदेश दिया कि वो हेडली के लिए मुंबई में फर्स्ट वर्ल्ड ऑफिस खोलने से जुड़ी फर्जी कहानी को सच दिखाने वाले डॉक्यूमेंट्स बनाए। राणा ने ही हेडली को सलाह दी कि भारत विजिट करने के लिए वीजा कैसे हासिल करना है। ये सारी बातें ईमेल और अन्य दस्तावेजों से प्रमाणित हुई हैं।'

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वाशिंगटन ,2008 मुंबई आतंकी हमलों के दोषी तहव्वुर राणा को आज अमेरिका से भारत लाया जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जांच एजेंसी एनआईए और खुफिया एजेंसी फअह की एक जॉइंट टीम तहव्वुर को लेकर स्पेशल फ्लाइट से रवाना हो चुकी है। उसके देर रात तक भारत पहुंचने की संभावना है। एनआईए अगले कुछ हफ्तों तक उसे अपनी कस्टडी में रखेगी।राणा के प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की याचिका अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को खारिज कर दी। तहव्वुर ने भारत आने से बचने के लिए याचिका दायर की थी। उसने अपनी याचिका में खुद को पार्किंसन बीमारी से पीड़ित बताते हुए कहा था कि अगर भारत डिपोर्ट किया गया तो उसे प्रताड़ित किया जा सकता है।तहव्वुर राणा को 2009 में एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। राणा को अमेरिका में लश्कर-ए-तैयबा का समर्थन करने के लिए दोषी ठहराया गया था। अब तक वह लॉस एंजिल्स के एक डिटेंशन सेंटर में बंद था।

### अमेरिका से स्पेशल फ्लाइट रवाना, देर रात लैंड होगी



### तहव्वुर राणा को फांसी पर लटकाया जाना चाहिए', 26/11 हमले में जिंदा बची देविका की मांग

देविका ने अमेरिका से राणा के प्रत्यर्पण पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, मुझे बहुत खुशी है कि भारत सरकार आखिरकार तहव्वुर राणा को भारत ला रही है . सरकार को उससे सारी जानकारी हासिल करनी चाहिए और उसे फांसी पर लटका देना चाहिए . 26/11 की घटना को याद करते हुए देविका ने बताया कि वह अपने पिता और छोटे भाई के साथ अपने बड़े भाई से मिलने पुणे जा रही थी .

26 नवंबर 2008 को मुंबई में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने हमले किए। ये हमले चार दिनों तक चले। इन हमलों में कुल 175 लोग मारे गए, जिनमें 9 हमलावर भी शामिल थे और 300 से अधिक लोग घायल हुए।

इस बीच, राणा को भारत लाने को लेकर होम मिनिस्ट्री में गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की मीटिंग हो रही है।

# संसद भवन में जैन धर्म का प्रभाव

### प्रधानमंत्री मोदी किया ने 'नवकार महामंत्र' का जाप



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार यानी 9 अप्रैल को दिल्ली के विज्ञान भवन में नवकार महामंत्र दिवस कार्यक्रम में भाग लिया और दूसरों के साथ 'नवकार महामंत्र' का जाप किया. इस कार्यक्रम का उद्घाटन करने से पहले प्रधानमंत्री ने सभी से सुबह 8:27 बजे एक साथ नवकार महामंत्र का जाप करने का आह्वान किया.

इस कार्यक्रम से पहले पीएम मोदी ने एक पोस्ट में लिखा, 'आइए, हम सभी 8:27 बजे नवकार महामंत्र का जाप एक साथ करें.' उन्होंने कहा, 'हर आवाज शांति, शक्ति और सामंजस्य लाए. हम सभी मिलकर भाईचारे और एकता की भावना को बढ़ाएं.'एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि यह कार्यक्रम एक वैश्विक पहल है, जिसमें 108 से ज्यादा देशों के लोग शांति, आध्यात्मिक जागरूकता और सार्वभौमिक एकता के लिए इस पवित्र मंत्र का जाप कर रहे हैं.

"प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवकार महामंत्र का जाप करते हुए जैन धर्म के महत्व को बताया और नए संसद भवन में जैन संस्कृति के प्रभाव को रेखांकित किया.

### पीएम ने बताया नवकार महामंत्र का महत्व

प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम में नवकार महामंत्र को आस्था का केंद्र बताते हुए कहा कि इसका महत्व सिर्फ आध्यात्मिक नहीं, बल्कि यह हर व्यक्ति को आत्म-सुधार और समाज की ओर मार्गदर्शन भी करता हैप्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा, 'नवकार मंत्र हमें अपने आप पर विश्वास करने की शिक्षा देता है. शत्रु बाहर नहीं, बल्कि हमारे भीतर होते हैं. नकारात्मक सोच, बेईमानी और स्वार्थ हमारे असली शत्रु हैं और इन पर विजय प्राप्त करना असली जीत है. जैन धर्म हमें खुद पर विजय प्राप्त करने की प्रेरणा देता है.'उन्होंने आगे कहा, 'मैं अभी भी नवकार महामंत्र की आध्यात्मिक शक्ति को अपने भीतर महसूस कर सकता हूं.


# 'बंगाल में नहीं लागू होगा वक्फ संशोधन कानून'

### मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा के बाद सीएम ममता बनर्जी का ऐलान

एजेंसी

"बनर्जी ने कहा कि वह अल्पसंख्यक लोगों और उनकी संपत्ति की रक्षा करेंगी। उन्होंने कहा कि मैं जानती हूं कि वक्फ अधिनियम के लागू होने से आप दुखी हैं। भरोसा रखें, बंगाल में ऐसा कुछ नहीं होगा जिससे कोई बांटकर राज कर सके। आप संदेश देते हैं कि सभी को एक साथ रहना है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि राज्य में वक्फ (संशोधन) अधिनियम लागू नहीं किया जाएगा। कोलकाता में जैन समुदाय के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि वह अल्पसंख्यक लोगों और उनकी संपत्ति की रक्षा करेंगी। उन्होंने कहा कि मैं जानती हूं कि वक्फ अधिनियम के लागू होने से आप दुखी हैं। भरोसा रखें, बंगाल में ऐसा कुछ नहीं होगा जिससे कोई बांटकर राज कर सके। आप संदेश देते हैं कि सभी को एक साथ रहना है।तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो बनर्जी ने लोगों से अपील की कि वे उन लोगों की बातों पर ध्यान न दें जो उन्हें राजनीतिक आंदोलन शुरू करने के लिए उकसाते हैं। मंगलवार को मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ (संशोधन) विधेयक को लेकर हुई हिंसा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, ₹बांग्लादेश के सीमावर्ती इलाकों में स्थिति देखिए। इसे (वक्फ विधेयक) अभी पारित नहीं किया जाना चाहिए था। बंगाल में 33 प्रतिशत अल्पसंख्यक हैं। मैं उनके साथ क्या करूंगी? वक्फ (संशोधन) विधेयक को लोकसभा ने 3 अप्रैल को पारित किया था, और संसद के दोनों सदनों में मैराथन बहस के बाद अगले दिन तड़के राज्यसभा ने भी इसे पारित कर दिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को विधेयक को अपनी मंजूरी दे दी। ममता ने कहा, इतिहास बताता है कि बंगाल, बांग्लादेश, पाकिस्तान और भारत सभी एक साथ थे। विभाजन बाद में हुआ।



### वक्फ एक्ट के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगी नेशनल कॉन्फ्रेंस

एजेंसी

वक्फ एक्ट के खिलाफ नेशनल कॉन्फ्रेंस सुप्रीम कोर्ट में जाएगी। इस बात की जानकारी जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने दी। उन्होंने कहा कि देश का एक बड़ा वर्ग इस बिल से नाराज है और उन्हें लगता है कि सरकार उनके धार्मिक मामलों में दखल दे रही है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि वक्फ संशोधन अधिनियम की कोई जरूरत नहीं थी। एक धर्म को निशाना बनाया जा रहा है। गैर-मुस्लिमों को वक्फ गतिविधियों की समीक्षा करने की अनुमति दी जा रही है।

# हादसे में कैशलेस इलाज योजना में देरी पर केंद्र को कड़ी फटकार

"पीठ ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 162(2) का हवाला दिया और सरकार को 14 मार्च तक योजना उपलब्ध कराने का आदेश दिया। अधिनियम की धारा 2 (12-ए) के तहत परिभाषित स्वर्णिम घंटे का तात्पर्य किसी दर्दनाक चोट के बाद एक घंटे की अवधि से है, जिसके तहत समय पर चिकित्सा हस्तक्षेप से मृत्यु को रोका जा सकता है।

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अपने सचिव को बुलाकर स्पष्टीकरण देने को कहें

एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मोटर दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस चिकित्सा उपचार योजना को लागू करने में देरी के लिए केंद्र को फटकार लगाई। शीर्ष अदालत ने सड़क परिवहन मंत्रालय के सचिव को स्थिति स्पष्ट करने के लिए तलब किया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र 8 जनवरी से अदालत के आदेश का पालन करने में विफल रहा है। पीठ ने कहा कि दिया गया समय 15 मार्च, 2025 को समाप्त हो गया है। यह न केवल इस अदालत के आदेशों का गंभीर उल्लंघन है, बल्कि एक बहुत ही लाभकारी कानून को लागू करने का उल्लंघन है। हम सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सचिव को वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग पर पेश होने और यह बताने का निर्देश देते हैं कि इस अदालत के निर्देशों का पालन क्यों नहीं किया गया। सर्वोच्च न्यायालय ने मामले की गंभीरता पर जोर दिया और कहा कि जब शीर्ष सरकारी अधिकारियों को यहां बुलाया जाता है तो वे न्यायालय के आदेशों को गंभीरता से लेते हैं।



# नीट पर एमके स्टालिन ने की सर्वदलीय बैठक

### केंद्र सरकार पर लगाया यह बड़ा आरोप

तमिलनाडु विधानसभा द्वारा पारित विधेयक में सरकारी संस्थानों में स्नातक चिकित्सा पाठ्यक्रमों के लिए नीट -आधारित प्रवेश से छात्रों को छूट देने की मांग की गई थी। सीएम स्टालिन ने केंद्र सरकार पर छूट के लिए राज्य के सुविचारित औचित्य की अनदेखी करने का आरोप लगाया।



एजेंसी

तमिलनाडु ,तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने कहा कि नीट प्रवेश परीक्षा गरीबी में रहने वाले छात्रों को प्रभावित करती है। हमने तमिलनाडु के राज्यपाल को प्रस्ताव भेजा था, उन्होंने इसे राष्ट्रपति को भेजा होगा, लेकिन उन्होंने इस पर राजनीति की। हमने इस पर लड़ाई लड़ी। हमने राज्य विधानसभा में प्रस्ताव पारित किया और इसे फिर से राष्ट्रपति की सहमति के लिए राज्यपाल के पास भेजा। मैंने राज्यपाल से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और अनुरोध किया। केंद्र सरकार ने भले ही हमारे विधेयक को खारिज कर दिया हो, लेकिन मेरा मानना है कि अगर हम कानूनी उपाय करना जारी रखते हैं, तो हम तमिलनाडु के लिए नीट छूट प्राप्त करेंगे।

**आरोप** बीजेपी बोली- माहौल खराब करना चाहती हैं टीएमसी सांसद

# 'दिल्ली में फिश मार्केट बंद करा रहे बीजेपी वाले... ' महुआ मोइत्रा का आरोप

एजेंसी

नयी दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस की नेता महुआ मोइत्रा ने बुधवार को दावा किया कि भाजपा कार्यकताओं ने राष्ट्रीय राजधानी के चित्तरंजन पार्क के मछली खाने वाले बंगालियों को धमकाया है। मोइत्रा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हिंदू मछुआरों को उनके द्वारा बनाए गए मंदिर के बगल में वैध दुकानें बंद करने के लिए आतंकित करना - भाजपा के गुंडे वीडियो में कैद हुए लेकिन अभी तक गिरफ्तार नहीं हुए। हेलो दिल्ली पुलिस- या फिर हम सभी को ढोकला खाना चाहिए और जय श्री राम का नारा लगाना चाहिए? मोइत्रा ने दावा किया कि भाजपा कार्यकताओं ने दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के चित्तरंजन पार्क में मछली और मांस की दुकानें बंद करा दीं, जो बंगाली बहुल इलाका है। उन्होंने एक्स पर एक



वीडियो भी साझा किया जिसमें कथित घटना को दिखाया गया है। मोइत्रा ने बुधवार को एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो संदेश में कहा, दिल्ली के बीचों-बीच चित्तरंजन पार्क में बंगालियों को धमका रहे लुम्पेन-भाजपा गुंडों के भयावह दृश्य सभी ने देखे हैं। चित्तरंजन पार्क बंगालियों की कॉलोनी है। बंगाली गर्व से मछली खाते हैं। हालांकि, भाजपा नेता अमित मालवीय ने आरोप लगाया है कि टीएमसी सांसद द्वारा पोस्ट किया गया वीडियो फर्जी है। भाजपा नेता ने एक पत्रकार की रिपोर्ट का हवाला दिया जिसमें विक्रेताओं ने कथित तौर पर दावा किया था कि उन्हें धमकाया नहीं गया था। उन्होंने लिखा कि महुआ मोइत्रा ने दिल्ली के सीआर पार्क से एक

"मोइत्रा ने दावा किया कि भाजपा कार्यकताओं ने दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के चित्तरंजन पार्क में मछली और मांस की दुकानें बंद करा दीं, जो बंगाली बहुल इलाका है। उन्होंने एक्स पर एक वीडियो भी साझा किया जिसमें कथित घटना को दिखाया गया है।

वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि कुछ लोग मंदिर के बगल में स्थित डीडीए-स्वीकृत मछली बाजार में विक्रेताओं को धमका रहे हैं। यह वीडियो झूठा और मनगढ़ंत है। ऐसा लगता है कि इसे समुदायों के बीच दुर्भावना को बढ़ावा देने के इरादे से शूट किया गया है - और शायद 'बहुमुखी अंतरराष्ट्रीय महिला' विवाद से ध्यान हटाने के लिए, जिसमें टीएमसी संसदीय दल वर्तमान में उलझा हुआ है। इस वीडियो को एक ग्राउंड रिपोर्ट द्वारा खारिज किया गया है। भाजपा दिल्ली अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने भी एक बयान जारी कर कहा है कि टीएमसी सांसद को सांप्रदायिक तनाव भड़काने की कोशिश करने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी को मंदिरों की पवित्रता का सम्मान करना चाहिए, और यहाँ सीआर पार्क में, मछली बाजार के व्यापारियों ने हमेशा मंदिरों का सम्मान किया है। मछली बाजारों को कानूनी रूप से आवंटित किया गया है और यह क्षेत्र की आवश्यकता है। मछली व्यापारी क्षेत्र में उच्च स्तर की स्वच्छता बनाए रखते हैं और सीआर पार्क की सामाजिक-धार्मिक गतिविधियों में नियमित रूप से भाग लेते हैं। श्रीमती महुआ मोइत्रा द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया ।

# ग्रेट बेंड बांध को लेकर बीजेपी एमपी समेत वियतनाम, नेपाल और भूटान के विशेषज्ञों ने जताई चिंता



एजेंसी

नयी दिल्ली। चीन में दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनने वाला है जिसको लेकर आसपास के देशों में चिंता देखी जा रही है। हम आपको बता दें कि यह चिंता हाल ही में आयोजित एक सम्मेलन में उभर कर आई। इस सम्मेलन को संबोधित करते हुए अरुणाचल प्रदेश से भाजपा के लोकसभा सदस्य तापिर गाओ ने दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने की चीन की घोषणा पर चिंता जताते हुए दावा किया कि यह बांध जल बम के समान होगा, जो पूर्वोत्तर भारत और बांग्लादेश जैसे निचले क्षेत्रों में जल प्रलय ला सकता है। तापिर गाओ ने गुवाहाटी में उप-हिमालयी क्षेत्र में जल सुरक्षा, पारिस्थितिकी अखंडता और आपदा तन्यकता सुनिश्चित करना: ब्रह्मपुत्र का मामला विषय पर आयोजित सम्मेलन में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, चीन ने

○ अरुणाचल पूर्व लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद तापिर गाओ ने एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, अगर चीन भविष्य में बांध से पानी छोड़ने का फैसला करता है, तो अरुणाचल प्रदेश, असम, बांग्लादेश और दक्षिण पूर्व एशिया के अन्य देश तबाह हो जाएंगे।

पहले ही एक बांध बनाने का फैसला कर लिया है, जो 60,000 मेगावाट बिजली का उत्पादन करने में सक्षम होगा। यह कोई बांध नहीं, बल्कि एक जल बम होगा, जिसका इस्तेमाल भारत और अन्य निचले तटवर्ती देशों के खिलाफ किया जाएगा। तापिर गाओ ने दावा किया कि जून 2000 में आई विनाशकारी बाढ़ भी इसी तरह के जल बम का नतीजा थी, जिसमें सियांग नदी पर बने 10 से अधिक पुल बह गए थे। अरुणाचल प्रदेश में यारलुंग त्सांगपो को सियांग नदी के नाम से जाना जाता है, जो असम में प्रवेश करने के बाद ब्रह्मपुत्र के रूप में जानी जाती है।

## सम्पादकीय

# आर्थिक नहीं राजनीतिक दांव है टैरिफ, ट्रंप की कथनी-करनी में भेद नहीं

भारत पर अपेक्षाकृत कम 26 प्रतिशत टैरिफ लगाने के साथ ही फार्मा जैसे क्षेत्र को रियायत दी गई है। नई परिस्थितियों में भारत के लिए कपड़ाइलेक्ट्रानिक्स और मशीनरी जैसे क्षेत्रों में निर्यात के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। इन अवसरों को भुनाने के लिए भारत को इन्फ्रास्ट्रक्चरलॉजिस्टिक्सशोध एवं विकास में निवेश बढ़ाकर अपनी क्षमताएं मजबूत करनी होंगी तो भूमि एवं श्रम जैसे लंबित सुधारों को भी गति देनी होगी ।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को और अस्थिर करने का काम किया है। चूंकि अमेरिका विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सबसे बड़ा खरीदार है, इसलिए उसे वस्तुओं की बिक्री करने वाले सभी देशों पर इसका असर पड़ेगा ।इसमें अमेरिका के निकट समझे जाने वाले यूरोपीय देशों तक को नहीं बख्शा गया तो प्रतिद्वंद्वी चीन पर भी टैरिफ की चाबुक चलाई गई है। ट्रंप के इस कदम को द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद वैश्विक आर्थिक परिदृश्य पर सबसे नाटकीय घटनाक्रम कहा जा रहा है। अमेरिका आधुनिक वैश्विक व्यापार व्यवस्था का सूत्रधार रहा है, लेकिन ताजा पहल के जरिये वह इस व्यवस्था का बंटाधार करने पर तुला है ।टैरिफ नीति देखने में भले ही आर्थिक मामलों से संबंधित लगे, लेकिन इसकी असल जड़ें राजनीति में समाई हुई हैं। राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान ही ट्रंप ने यह कहकर इसे मुद्दा बनाया हुआ था कि वैश्विक व्यापार व्यवस्था असंतुलित हो गई है, जिसमें पलड़ा अमेरिका को वस्तुएं बेचने वाले देशों के पक्ष में झुका हुआ है। उन्होंने बार-बार कहा कि मौजूदा व्यापारिक परिदृश्य पर अमेरिका और अमेरिकी नागरिकों का शोषण हो रहा है और वह सत्ता में आने के बाद इस व्यवस्था को बदल देंगे। टैरिफ नीति इसी एजेंडा का हिस्सा है ।करीब 60 व्यापारिक साझेदारों को इस मामले में व्हाइट हाउस की ओर से निशाने पर लिया गया है। इसमें यूरोपीय संघ और चीन जैसे कई व्यापारिक साझेदारों पर अनुचित नीतियां अपनाने का आरोप लगाया गया है। टैरिफ नीति को आर्थिक स्वतंत्रता की उद्घोषणा करार देते हुए ट्रंप ने दावा किया कि विभिन्न देशों द्वारा ऊंचे टैरिफ एवं अन्य व्यापारिक बाधाओं के चलते ऐसी टैरिफ नीति अपरिहार्य हो गई थी। स्थिति को राष्ट्रीय आपातकाल घोषित करते हुए ट्रंप ने टैरिफ नीति को मेक अमेरिका ग्रेट अगेन-मागा अभियान का हिस्सा बताते हुए कहा कि बीते पांच दशकों से मित्र और बैरी, दोनों तरह के देशों द्वारा अमेरिका के साथ की गई लूटपाट के चलते ऐसा किया जाना बहुत जरूरी था ।टैरिफ ट्रंप का विशुद्ध राजनीतिक एजेंडा है। तमाम ऐसे द्वीपीय देश जिनका अमेरिका के साथ नगण्य व्यापार है, पर टैरिफ लगाया जाना इसी का संकेत है कि वह अपने मतदाताओं को संदेश देना चाहते हैं कि उनकी कथनी एवं करनी में कोई भेद नहीं।

## आज का विचार

भारत संवाद

जीवन और मृत्यु कुदरत तय करती हैं
मगर जो मृत्यु के बाद भी लोगों के दिल
मे जीवित रहे वो इंसान के कर्म तय करते हैं




**मेष राशि:** आपके लिए खास होने वाला है. कल आपको कोई बड़ी खुशखबरी भी मिलने वाली है. कल अपना हर काम योजनाबद्ध तरीके से करना और अपने काम के प्रति एकाग्र चित्त होना आपको सफलता देगा. कल कुछ यात्रा होने के योग भी बन रहे हैं.

**वृष राशि:** आपके लिए अच्छा रहने वाला है. कल आपको किसी विशेष आयोजन में जाने का मौका मिलेगा और नई जानकारियां सीखने को मिलेंगी. कल खर्चों की अधिकता रहेगी, लेकिन साथ ही आय के साधन बढ़ने से परेशानी नहीं होगी. कल अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए ध्यान केंद्रित करेंगे.

**मिथुन राशि:** आपके लिए ठीक:ठाक रहने वाला है. कल आपकी सूझबूझ और विवेक से समस्याएं आसानी से हल हो जाएंगी. महिलाओं का कल ऑनलाइन शॉपिंग में समय बीतेगा. कल आपको किसी रिश्तेदार के घर जाने का निमंत्रण मिलेगा. कल अन्य गतिविधियों में व्यस्तता की वजह से आपका खुद का कोई महत्वपूर्ण काम अधूरा रह सकता है.

**कर्क राशि :** फेवरेबल रहने वाला है. कल परिवार संबंधी किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर सलाह-मशवरा होगा और इसके सकारात्मक नतीजे सामने आएंगे. कल मनोरंजन संबंधी गतिविधियों में भी समय बीतेगा. कल व्यवसायिक व्यवस्था को बनाए रखने में आपका योगदान जरूरी है. कल कोई बाहरी व्यक्ति आपके कार्यक्षेत्र की व्यवस्था में कुछ विघ्न डाल सकता है.

**सिंह राशि :** आपके लिए सुनहरा रहने वाला है. प्रॉपर्टी के सेल परचेज संबंधी कार्यवाही चल रही है, तो निश्चित सफलता मिलेगी. कल आप शारीरिक और मानसिक रूप से अपने आपको सशक्त महसूस करेंगे.

**कन्या राशि :** आपके लिए अच्छा रहने वाला है. कल किसी खास व्यक्ति के मार्गदर्शन में आप कार्यों को बेहतरीन तरीके से करेंगे. किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर भी विचार-विमर्श होगा. कल किसी धार्मिक संस्था में सेवा संबंधी कार्यों में समय बीतेगा.

**तुला राशि :** आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है. आपका स्वाभिमान और आत्मविश्वास हर परिस्थिति में मेहनत करने की क्षमता बढ़ाएगा और आपके रुके हुए काम थोड़े प्रयास से बन जाएंगे. कल बेकार की गतिविधियों में समय बिताना आपके महत्वपूर्ण कार्य में रुकावट डाल सकता है.

**वृश्चिक राशि:** आपके लिए उत्तम रहने वाला है. कल आपका कर्म प्रधान बनेगा और आप अपनी ऊर्जा का भरपूर इस्तेमाल करेंगे. आपको अपनी मेहनत के अनुरूप उचित परिणाम भी मिलेंगे. भूमि अथवा वाहन से संबंधित कोई काम हो सकता है. कुछ समय अपने मनोरंजन के लिए भी निकाल लेंगे.

**धनु राशि:** आपके लिए शानदार रहने वाला है. धार्मिक अथवा आध्यात्म गतिविधियों में आपका रुझान बढ़ेगा. आपके अपने व्यक्तिगत काम भी पारिवारिक सदस्यों की मदद से काफी हद तक पूरे हो जाएंगे. घर के वरिष्ठ सदस्यों के मान-सम्मान और मार्गदर्शन की अवहेलना ना करें.

**मकर राशि:** आपके लिए बेहतर रहने वाला है. कल का दिन उपलब्धियों वाला है इसका भरपूर उपयोग करना जरूरी है. किसी भी कार्य को करने से पहले उसकी रूप-रेखा तैयार करने से उचित सफलता मिलेगी. कल दूसरों की व्यक्तिगत बातों पर ध्यान ना देकर अपने काम के प्रति एकाग्र रहेगे.

**कुंभ राशि :** आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है. कल विदेश जाने के लिए प्रयासरत लोगों को कोई अच्छी खबर मिलने की संभावना है. सामाज संबंधी गतिविधियों में आपका खास योगदान रहेगा. अपनी बौद्धिक क्षमता और व्यवहार कुशलता द्वारा सकारात्मक परिणाम हासिल करेंगे.

**मीन राशि :** आपके अनुकूल रहने वाला है. कल आपके उद्देश्य की पूर्ति होगी और अनुभवी लोगों के साथ रहकर भी बहुत कुछ बेहतर सीखने को मिलेगा. कल दौड़-धूप की अधिकता रहेगी

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# पंथनिरपेक्षता की खिल्ली उड़ाते कानून, आज कोई सेक्युलरिज्म की बात नहीं करता

> यह देखना दयनीय है कि जब हर तरह के भेद समाप्त होने चाहिए तब कुछ नियम-कानून ही भेदभाव का जरिया बने हुए हैं। अलग-अलग समुदायों के बीच भेद करने वाले कानूनों का दुष्परिणाम यह हुआ है कि पंथनिरपेक्षता यानी सेक्युलरिज्म आज एक हेय शब्द बन गया है। आज वे दल भी सेक्युलरिज्म की बात नहीं करते जो खुद को सेक्युलर बताया करते थे।

यह कोई नई बात नहीं कि अब संसद से पारित प्रत्येक महत्वपूर्ण कानून को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जाने लगी है। किसी को इस पर हैरानी नहीं कि वक्फ संशोधन विधेयक के कानून का रूप लेने के पहले ही उसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की घोषणा होने लगी थी। जैसे ही संसद से पारित इस विधेयक ने कानून का रूप लिया, उसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दायर कर दी गईं ।आने वाले दिनों में इन याचिकाओं की संख्या दर्जनों में पहुंच जाए तो बड़ी बात नहीं, क्योंकि मुस्लिम संगठनों के साथ विपक्षी दलों में यह जताने की होड़ मची है कि उन्हें नया वक्फ कानून रास नहीं आ रहा है। नए वक्फ कानून की संवैधानिकता की सुप्रीम कोर्ट में परख में कोई समस्या नहीं। सुप्रीम कोर्ट में फैसला जो भी हो, यह कहना कठिन है कि यह संशोधित कानून पंथनिरपेक्षता यानी सेक्युलरिज्म की कसौटी पर खरा उतरता है, क्योंकि किसी भी वास्तविक पंथनिरपेक्ष देश में वैसे किसी कानून के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए, जो पंथ के नाम पर बनाया गया हो ।नया वक्फ कानून तब पंथनिरपेक्ष कहा जा सकता है, जब ऐसे ही कानून अन्य पंथों के लिए भी बने हों। कथित सेक्युलर भारत में ऐसा नहीं है। वक्फ कानून जैसा कोई कानून अन्य पंथों और यहां तक कि शेष अल्पसंख्यक समूहों के लिए भी नहीं है। वक्फ कानून के तहत




जो वक्फ बोर्ड हैं, उनके पास एक वक्फ ट्रिब्यूनल भी होता है। देश में किस्म-किस्म के अनेक ट्रिब्यूनल हैं, लेकिन वैसा ट्रिब्यूनल और कोई नहीं, जैसा वक्फ बोर्डों के पास है। एक सच्चे पंथनिरपेक्ष देश में या तो ऐसा ट्रिब्यूनल सभी समुदायों की उन संपत्तियों के संदर्भ में हो या फिर किसी के पास नहीं हो, जिनका उपयोग धार्मिक और परोपकारी कार्यों के लिए होता है ।आखिर किसी समुदाय के धार्मिक या परोपकारी कार्यों के लिए उपयोग होने वाली संपत्ति से जुड़े किसी विवाद को पहले किसी ट्रिब्यूनल में ले जाने की बाध्यता क्यों होनी चाहिए? ऐसा नहीं है कि भारत तब सेक्युलर यानी पंथनिरपेक्ष बना, जब इंदिरा गांधी ने आपातकाल के दौरान कांग्रेस को सेक्युलरिज्म के प्रति समर्पित दिखाने के लिए संविधान की प्रस्तावना में सेक्युलर और समाजवादी शब्द नत्थी कराए। भारत तो हजारों वर्ष पहले भी सेक्युलर प्रकृति का था ।इसी कारण हमारे संविधान निमार्ताओं ने इसी प्रकृति का संविधान बनाया ।समस्या यह हुई कि सेक्युलरिज्म की मनचाही व्याख्या करते हुए उसे वोट बैंक की राजनीति का जरिया बना लिया गया। नतीजा यह हुआ कि समान नागरिक संहिता का बिल लाने के स्थान पर हिंदू कोड बिल लाया गया। इस विधेयक के जरिये हिंदुओं के विवाह, उत्तराधिकार, तलाक, गोद लेने संबंधी कानून बनाए गए। ऐसा करके बिल्कुल ठीक किया गया, लेकिन कोई नहीं जानता कि अन्य समुदायों को क्यों छोड़ दिया गया? इसी दौरान एक अन्य कानून वक्फ संपत्तियों को लेकर भी बनाया गया। इसे ही पिछले सप्ताह संसद ने संशोधित किया ।स्वतंत्रता के बाद के दशक में ही अंग्रेजों के बनाए उस कानून को भी कुछ हेर-फेर के साथ बनाए रखा गया, जिसके तहत मंदिरों का संचालन राज्य सरकारों की ओर से किया जाता था। जब अन्य समुदायों को अपने धर्मस्थलों के संचालन का अधिकार प्राप्त है तो हिंदुओं को क्यों नहीं? यह समझ आता है कि सरकार धर्मस्थलों के संचालन को लेकर नियम-कानून बनाए, लेकिन इसके नाम पर यह नहीं होना चाहिए कि वह उनका नियंत्रण अपने हाथ में ले ले। समझना कठिन है कि एक ही देश में बहुसंख्यकों और अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थलों के संचालन के लिए दो तरह के कानून क्यों बने हुए हैं? पंथनिरपेक्षता की खिल्ली उड़ाने वाले ऐसे कानूनों के निर्माण का सिलसिला किस तरह जारी रहा, इसका एक उदाहरण शिक्षा अधिकार कानून है। इसे इस नेक इरादे से बनाया गया था कि निर्धन वर्ग के छह से 14 वर्ष के बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान की जा सके। अल्पसंख्यकों के शिक्षा संस्थानों को इस कानून से बाहर करके एक अच्छे कानून को भेदभावपूर्ण तो बनाया ही गया, पंथनिरपेक्षता की खिल्ली भी उड़ाई गई ।आखिर अल्पसंख्यकों की ओर से संचालित स्कूलों को गरीब बच्चों को मुफ्त शिक्षा देने से छूट क्यों मिलनी चाहिए? जनकल्याण में इस भेद का औचित्य सिद्ध करना कठिन है। विडंबना यह है कि जब शिक्षा अधिकार कानून की इस विसंगति को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई तो वह उसे नजर नहीं आई। उसने अल्पसंख्यकों के स्कूलों को शिक्षा अधिकार कानून से बाहर रखने को सही ठहराया। स्पष्ट है कि संसद से बने कई कानूनों ही नहीं, सुप्रीम कोर्ट के कुछ फैसलों से भी पंथनिरपेक्षता पर प्रश्नचिह्न लगता है ।यह देखना दयनीय है कि जब हर तरह के भेद समाप्त होने चाहिए, तब कुछ नियम-कानून ही भेदभाव का जरिया बने हुए हैं। अलग-अलग समुदायों के बीच भेद करने वाले कानूनों का दुष्परिणाम यह हुआ है कि पंथनिरपेक्षता यानी सेक्युलरिज्म आज एक हेय शब्द बन गया है। आज वे दल भी सेक्युलरिज्म की बात नहीं करते, जो खुद को सेक्युलर बताया करते थे। नि:संदेह पंथनिरपेक्षता कोई बुरी अवधारणा नहीं है, लेकिन वह तब अवश्य बुरी हो जाती है, जब उसके नाम पर एक ही देश में अलग-अलग समुदायों के लिए भिन्न-भिन्न कानून बनते हैं। यदि देश को वास्तव में सेक्युलर बनाने की कोशिश नहीं होगी तो सेक्युलरिज्म और अधिक बदनाम होगा और यह अच्छा नहीं होगा।

# भारतीय साहित्य में समकालीन महिलाओं की आवाजें

विजय गर्ग



भारतीय साहित्य में महिलाओं की आवाज विविध आख्यानों में योगदान करती है और सामाजिक मानदंडों को चुनौती देती है। भारत में महिलाओं के लेखन का विकास प्राचीन से समकालीन समय तक फैला हुआ है। यह यात्रा बदलती धारणाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण को दशार्ती है ।ऐतिहासिक पृष्ठभूमि प्राचीन साहित्य प्राचीन भारत में, महिला कवियों और विद्वानों ने उल्लेखनीय योगदान दिया। वेदों और उपनिषदों जैसे ग्रंथों में उनके कौशल की विशेषता है। लोपामुद्रा, गार्गी और मैत्रेयी प्रमुख आंकड़े हैं। उनके कार्यों ने भविष्य की महिलाओं के लेखन की नींव रखी ।मध्यकालीन काल भक्ति आंदोलन ने एक बहुत ही महत्वपूर्ण युग को चिह्नित किया। इसने महिला लेखकों को आध्यात्मिक और सामाजिक विषयों को व्यक्त करने का अधिकार दिया। उल्लेखनीय कवियों में मीराबाई और अक्का महादेवी शामिल हैं। उन्होंने सामाजिक सम्मेलनों को चुनौती दी और दिव्य प्रेम का जश्न मनाया। उनकी कविता समकालीन चर्चाओं में प्रभावशाली बनी हुई है ।औपनिवेशिक युग ब्रिटिश उपनिवेशवाद ने महिलाओं की शिक्षा और साहित्यिक अभिव्यक्ति को प्रभावित किया। इसने महिलाओं को लिखने और प्रकाशित करने के लिए रास्ते खोले। सरोजिनी नायडू इस दौरान एक प्रमुख व्यक्ति के रूप में उभरी थीं। उनकी कविता ने राष्ट्रवादी विषयों और व्यक्तिगत अनुभवों को संबोधित किया। कमला दास को भी महिलाओं के मुद्दों और पहचान पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्रमुखता मिली ।क्षेत्रीय साहित्य भारतीय साहित्य क्षेत्रीय आख्यानों से समृद्ध है। विभिन्न भाषाओं की महिला लेखक योगदान करती हैं। इस्मत चुगताई ने उर्दू में लिखा, जो सामाजिक मुद्दों को दशार्ता है। कमला मार्कंडेय ने अपनी मार्मिक कहानियों के साथ अंग्रेजी साहित्य का प्रतिनिधित्व किया। तमिल लेखक बामा जाति और लिंग की गतिशीलता की पड़ताल करता है ।महिला साहित्य में विषय नारीवाद और लिंग मुद्दे महिलाओं का साहित्य अक्सर पितृसत्ता और लैंगिक भूमिकाओं की पड़ताल करता है. लेखक सामाजिक मानदंडों को चुनौती देते हैं और महिलाओं के अधिकारों की वकालत करते हैं। उनके कार्य परिवर्तन को प्रेरित करते हैं और लिंग मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाते हैं ।पहचान और अंतर जाति, वर्ग और धार्मिक पहचान का प्रतिनिधित्व महत्वपूर्ण है। महिला लेखक व्यक्तिगत और राजनीतिक कथाओं को आपस में जोड़ते हैं। यह अंतर्द्वंद्व साहित्य में पहचान पर प्रवचन को समृद्ध करता है ।सांस्कृतिक विरासत और परंपरा लोकगीत और पौराणिक कथाएं साहित्य में महिलाओं की आवाज को आकार देती हैं। लेखक पारंपरिक आख्यानों को नारीवादी दृष्टिकोण से पुनः व्याख्या करते हैं। यह पुनः परीक्षा सांस्कृतिक विरासत के बारे में नई महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करती है ।साहित्यिक रूप और शैली कविता कविता आत्म-अभिव्यक्ति के लिए एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में कार्य करती है। यह महिलाओं को अपने अनुभवों को खुलकर आवाज देने की अनुमति देता है। कमला दास एक उल्लेखनीय कवि हैं जिन्होंने प्रेम और पहचान के बारे में लिखा है। उसका काम कई पाठकों के साथ प्रतिध्वनित होता है ।कल्पना उपन्यास और लघु कथाएँ महिलाओं के जीवन की जटिलताओं को दशार्ती हैं। ऐतिहासिक कथा और जादुई यथार्थवाद सहित विभिन्न शैलियों की खोज की जाती है। लेखक समृद्ध नैरेटिव बनाते हैं जो सामाजिक चुनौतियों को दशार्ते हैं ।गैर-कथा और संस्मरण आत्मकथात्मक लेखन और निबंधों ने प्रमुखता प्राप्त की है। महिला लेखक व्यक्तिगत अनुभवों और सामाजिक टिप्पणियों का दस्तावेजीकरण करती हैं। उनके कार्य समकालीन मुद्दों के बारे में मूल्यवान महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हैं ।समाज पर प्रभाव जागरूकता बढ़ाने में महिला साहित्य महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह लैंगिक असमानता और जातिगत भेदभाव जैसे सामाजिक मुद्दों को संबोधित करता है। इन लेखों का प्रभाव नारीवादी आंदोलनों तक है। वे सांस्कृतिक प्रवचन को आकार देते हैं और भारत में सक्रियता को प्रेरित करते हैं ।शिक्षा पर महिला साहित्य का प्रभाव महिला साहित्य ने शैक्षिक आख्यानों को बदल दिया है। यह पाठ्यक्रम में विविध आवाजों को शामिल करने को प्रोत्साहित करता है। यह बदलाव छात्रों के बीच महत्वपूर्ण सोच और जागरूकता को बढ़ावा देता है ।भारतीय महिला लेखकों की वैश्विक मान्यता भारतीय महिला लेखक अंतरराष्ट्रीय पहचान हासिल कर रही हैं। उनके कार्यों का कई भाषाओं में अनुवाद किया जाता है। यह वैश्विक आउटरीच उनकी आवाज और दृष्टिकोण को बढ़ाता है ।भारतीय साहित्य में महिलाओं की आवाजों का भविष्य भारत में महिला साहित्य का भविष्य आशाजनक दिखता है। लेखकों की नई पीढ़ियां उभरती रहती हैं. वे नए विचार लाते हैं और मौजूदा आख्यानों को चुनौती देते हैं। डिजिटल युग उनके काम के व्यापक प्रसार के लिए मंच प्रदान करता है ।साहित्यिक त्योहारों की भूमिका भारत में साहित्यिक त्योहार महिलाओं की आवाज मनाते हैं। वे लेखकों को अपना काम साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करते हैं। ये घटनाएं लिंग और साहित्य पर चर्चा को प्रोत्साहित करती हैं। वे लेखकों के बीच नेटवर्किंग को भी प्रोत्साहित करते हैं ।महिला साहित्य और सोशल मीडिया सोशल मीडिया ने साहित्यिक जुड़ाव को बदल दिया है। महिला लेखक व्यापक दर्शकों तक पहुंचने के लिए इन प्लेटफार्मों का उपयोग करती हैं। वे अपना काम साझा करते हैं और सीधे पाठकों से जुड़ते हैं। यह बातचीत समुदाय और समर्थन को प्रोत्साहित करती है।

# स्वतंत्रता का अतिक्रमण सामाजिक दायित्वों का हनन, कर्तव्यों से विमुख न हों

संजीव ठाकुर

वाल्टेयर जी ने इस संदर्भ में ठीक ही कहा है कि अधिकार बढ़ने के साथ-साथ समानुपातिक रूप से उत्तरदायित्व भी धीरे-धीरे बढ़ जाता है ।वर्तमान के इस दौर में जब देश में लोकतंत्र अपनी अस्मिता बचाने की जद्दोजहद में है वहां समाज का हर नागरिक अपने लिए अधिक से अधिक अधिकारों की इच्छा रखता है ताकि पूरी स्वतंत्रता का उपभोग कर सके। इसी के फलस्वरूप हर रोज अधिकारों की बढ़ती मांग और कर्तव्य की अवहेलना से समाज वातावरण में असंतुलन बढ़ता जा रहा है। वॉलटेयर जी ने इस संदर्भ में ठीक ही कहा है कि अधिकार बढ़ने के साथ-साथ समानुपातिक रूप से उत्तरदायित्व भी धीरे-धीरे बढ़ जाता है हमें अपने अधिकारों के साथ अपनी जिम्मेदारियों का भी ज्ञान बोध होना जरूरी है। आपको ऐसा नहीं लगता है कि अधिकार तथा उत्तरदायित्व समानुपातिक है और समाज में हर व्यक्ति समुदाय के साथ संग संग चलते हैं ।ऐसा कुछ है कि स्वतंत्रता और खुलेपन के संग उत्तरदायित्व जी जीवन की यात्रा में सहयात्री है। स्वतंत्रता या खुलेपन का अतिक्रमण किसी व्यक्ति के दायित्वों का हनन है हम जहां जिस ग्राम नगर अथवा देश में रहते हैं वहां पर यह सुनिश्चित है कि अधिकार एवं जिम्मेदारी हमारे साथ साथ विचरण करते दिखाई देते हैं। भारतीय संविधान में अधिकारों की मीमांसा करते हुए यह मूल रूप से माना गया है कि यहां देश में मूल अधिकारों को महत्व इसीलिए दिया जाता है की भारतीय जनमानस का बड़ा प्रतिशत अशिक्षित है अतः संविधान अशिक्षित व्यक्तियों के लिए ज्यादा से ज्यादा स्वतंत्रता और समानता प्रदाय कर सके ताकि फिर कोई समाज या राज्य उसका हनन न कर सके, दूसरी तरफ यदि कर्तव्य की बात करें तो सदैव यह हिदायत दी जाती रही है कि भारत की जनता अधिक मात्रा में अशिक्षित हैं अतः उन्हें अपने दायित्वों का ज्ञान तथा अनुभूति नहीं होगी और दायित्व और कर्तव्यों के बीच बड़ी लक्ष्मण रेखा खिच गई है ।व्यक्ति और समाज जैसे जैसे विकसित होता गया है और आधुनिकता के इस दौर में नागरिकों की अधिकारों की मांग बढ़ती जा रही है। हमें अधिकार धीरे-धीरे मिल भी रहे जिस तरह माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने निजता के अधिकार को मूल अधिकार की श्रृंखला में रखकर नागरिकों की स्वतंत्रता को सुरक्षित बनाने का प्रयास किया है। अब ऐसे में हमारा दायित्व बनता है कि हम अपनी निजता के अधिकार को अपने पास रखते हुए दूसरे की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को नुकसान ना पहुंचाएं या उसकी स्वतंत्रता पर अतिक्रमण न करें, जिससे जिम्मेदारी और कर्तव्य बोध संग संग चलते रहे और सामाजिक परिवेश का कर्तव्य तथा अधिकार के बोध में सामंजस्य बना रहे। हम अपने व्यक्तिगत हित के कारण यह तथ्य विस्मित कर देते हैं कि हम एक लोकतांत्रिक राज्य के नागरिक हैं और हमें लोक कल्याण की अवधारणा को मूर्त रूप देना है जिससे कि राष्ट्र का विकास संभावित है। हम अपने आधुनिकता के चलते अपने दायित्व और मूल्यों के प्रति असावधान होते जा रहे हैं भारतीय समाज में बदलते समय के साथ नागरिक नैतिक मूल्यों की परवाह किए बगैर अपनी स्वच्छंदता एवं शक्ति के बल पर मनमानी तथा भ्रष्टाचार निरंकुशता को सर्वोपरि बनाने में लगे हुए है। देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के अंतर्गत देश के आम नागरिकों के द्वारा राजनीतिक पार्टियों के जनप्रतिनिधियों को विधिवत चुनकर संसद तथा विधान भवन भेजती है ताकि राज्य और देश का कल्याण हो सके किंतु अपने अधिकारों के प्रति उत्साहित यह राजनेता अपने मूलभूत कर्तव्य को भूलकर जनता का शोषण करने में लीन हो गए हैं

# सांसद सुप्रिया सुले भूख हड़ताल पर बैठीं

● खराब सड़क को ठीक करने की मांग को लेकर सांसद सुप्रिया सुले भूख हड़ताल पर बैठ गई. उन्होंने कहा कि, सड़क खस्ताहाल में है....




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की सांसद सुप्रिया सुले ने बुधवार को यहां भूख हड़ताल पर बैठ गईं. उन्होंने मांग की कि उनके निर्वाचन क्षेत्र बारामती में सड़क के 1.5 किलोमीटर हिस्से की सड़क की मरम्मत की जाए. सुले श्री क्षेत्र बनेश्वर गांव के कुछ लोगों के साथ पुणे जिला समाहरणालय के बाहर धरने पर बैठ गईं. खबर के मुताबिक, दोपहर में भी विरोध प्रदर्शन जारी रहा.उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि जिले के भोर तहसील में नसरपुर से बनेश्वर मंदिर तक का 1.5 किलोमीटर हिस्सा बेहद खराब स्थिति में है, लेकिन प्रशासन इसकी मरम्मत की मांग पर ध्यान नहीं दे रहा है. सुले ने कहा, हम नई सड़क की मांग नहीं कर रहे हैं. हम केवल यह मांग कर रहे हैं कि मंदिर तक जाने वाली मौजूदा सड़क की मरम्मत की जाए, क्योंकि इसमें गड्ढे हैं.इस अवसर पर जिला कलेक्टर कार्यालय में श्रीक्षेत्र बाणेश्वर मंदिर के ट्रस्ट और एनसीपी (शरद चंद्र पवार) के कार्यकर्ता मौजूद थे. सांसद सुप्रिया सुले ने कहा, ₹जब भी वे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के पास जाते हैं, तो वे कभी काम करने से मना नहीं करते हैं. बारामती लोकसभा क्षेत्र में सड़क संबंधी काफी कार्य हुए हैं. हालांकि, दुर्भाग्य से भोर में श्रीक्षेत्र बाणेश्वर देवस्थान से डेढ़ किलोमीटर की सड़क पिछले कई सालों से नहीं बनी है. वहां की सड़क खस्ताहाल है.उन्होंने दावा किया कि इस हिस्से के पक्कीकरण के लिए बार-बार अनुरोध करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई. सुले ने कहा, प्रशासन से बार-बार अनुरोध करने के बाद तंग आकर हमने यहां विरोध प्रदर्शन करने का फैसला किया.

# 'अगर मोदी विष्णु अवतार हैं तो सुदर्शन चक्र छोड़ें': ट्रंप के टैरिफ पर संजय राउत का तंज

## शिवसेना सांसद ने सवाल उठाया, अमेरिका की तरफ से भारत पर बढ़ते टैरिफ का जवाब देने में क्यों चुप हैं पीएम मोदी?

मुंबई में पत्रकारों से बात करते हुए संजय राउत ने कहा, ₹ट्रंप भारत को बर्बाद कर रहे हैं. पूरी दुनिया ट्रंप के खिलाफ आग में जल रही है. केवल एक देश ट्रंप और उनके टैरिफ के खिलाफ मुंह फुलाए बैठा है. मनमोहन सिंह को 'मौन मोहन सिंह' इसलिए कहा जाता था क्योंकि उन्हें ज्यादा बात करना पसंद नहीं था, तो अब वो क्यों नहीं बोल रहे हैं, क्यों 'मूक प्रधानमंत्री' बन गए हैं?

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ का असर देश के विभिन्न प्रतिष्ठानों पर पड़ रहा है. शेयर मार्केट लगातार टूट रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है. शिव सेना (यूबीटी) के सांसद राउत ने इसे लेकर पीएम मोदी पर निशाना साधा है. उन्होंने पीएम मोदी को 'मूक प्रधानमंत्री' बताया. कहा, अगर मोदी 'विष्णु अवतार' हैं तो सुदर्शन चक्र छोड़ दें.

उद्धव ठाकरे की श्रीकृष्ण से तुलनाः रत्नागिरी जिले के गुहागर से नेता सहदेव पेटकर मंगलवार को शिवसेना ठाकरे समूह में शामिल हुए थे. इस दौरान शिवसेना प्रवक्ता और सांसद संजय राउत भी वहां मौजूद थे. इस दौरान संजय राउत ने कहा था कि महाभारत के सभी पात्र यहां मौजूद हैं. ऐसा माना जा रहा है कि उन्होंने उद्धव ठाकरे की तुलना श्रीकृष्ण से की है. इसके बाद संजय राउत की आलोचना हो रही है. संजय राउत ने अपनी आलोचना पर बोलते हुए कहा, उन्होंने कोई तुलना नहीं की है. उन्होंने कहा कि कभी भी उद्धव ठाकरे या बालासाहेब की तुलना भगवान से नहीं की. बालासाहेब को भी यह पसंद नहीं था.बीजेपी को दी सलाहः इसके बाद संजय राउत भाजपा पर हमलावर हो गये. उन्होंने पीएम मोदी के बारे में सवाल उठाया, क्या नरेंद्र मोदी विष्णु के अवतार हो सकते हैं? क्या नरेंद्र मोदी विष्णु के तेरहवें या चौदहवें अवतार हैं? क्या उन्हें भगवान ने आसमान से भेजा है? उनकी तुलना छत्रपति से की जाती है. क्या बावनकुले या उदय सामंत जैसे लोगों की किसी से तुलना की जा सकती है? संजय राउत ने कहा, श्री कृष्ण के अनगिनत नामों में से एक नाम उद्धव है. दूसरा हमारा सहदेव था और संजय हमेशा रहेगा. उनके (बीजेपी) दिमाग में जो कचरा जमा हो गया है, उसे साफ करना चाहिए.विश्व क्रिकेट को बचाना हैः भाजपा नेता और मंत्री आशीष शेलार और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन मोहसिन नकवी अब साथ मिलकर काम करेंगे. शिवसेना के मुखपत्र सामना डेली ने इस पर आलोचना की है. इस पर बोलते हुए संजय राउत ने कहा, ₹शेलार और नकवी अब साथ मिलकर काम करेंगे. भारत को अब विश्व क्रिकेट को बचाना है.

फास्ट ट्रैक

## पुरी, गंगासागर के साथ 02 ज्योतिर्लिंग यात्रा के लिए रवाना होगी आईआरसीटीसी की भारत गौरव पर्यटक ट्रेन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

जबलपुर 09 अप्रैल। मध्यप्रदेश के तीर्थ यात्रियों के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) द्वारा भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। जो दिनांक 27.05.2025 को इंदौर शहर से पुरी, गंगासागर के साथ 02 ज्योतिर्लिंग (बाबा बैद्यनाथ एवं काशी विश्वनाथ) यात्रा के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन मध्यप्रदेश इंदौर, उज्जैन, शुजालपुर, सीहोर, रानी कमलापति, इटारसी, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी एवं अनूपपुर स्टेशनों से होते हुए जाएगी, जहाँ से यात्री इस ट्रेन पर सवार हो सकेंगे। 09 रातें/10 दिनों की इस यात्रा में पुरी, गंगासागर, गया, वाराणसी एवं अयोध्या के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जायेगा। इसके लिए यात्रियों को रु. 17,600/- प्रति व्यक्ति (रछ - इकॉनामी श्रेणी), रु. 28,500/- प्रति व्यक्ति (3अउ - स्टैण्डर्ड श्रेणी) एवं रु. 37,500/- प्रति व्यक्ति (2अउ - कम्फर्ट श्रेणी) किराया देना होगा। आईआरसीटीसी, इस सर्व समावेशी टूर की पेशकश कर रहा है, जिसमें भारत गौरव ट्रेन के विशेष एलएचबी रेक में आरामदायक रेल यात्रा, ऑन-बोर्ड और ऑफ-बोर्ड भोजन, सड़क परिवहन और गुणवत्तायुक्त बसों में दर्शनीय स्थलों की यात्रा, यात्रा कार्यक्रम के अनुसार आवास की व्यवस्था, यात्रा में टूर एस्कॉर्ट्स, यात्रा बीमा, ऑन-बोर्ड सुरक्षा और हाउसकीपिंग की सेवा शामिल है। इक्छुक पर्यटक इसकी बुकिंग आईआरसीटीसी की वेबसाइट www.irctctourism.com पर ऑनलाइन व अधिकृत एजेंट से भी करा सकते है। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी व बुकिंग के लिए आईआरसीटीसी के भोपाल, जबलपुर एवं इंदौर रेल्वे स्टेशन कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

## माहिम स्टेशन की हार्बर लाइन पर दक्षिण एमसीजीएम एफओबी अस्थायी रूप से बंद

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, माहिम स्टेशन की हार्बर लाइन पर बृहन्मुंबई महानगरपालिका (MCGM) के दक्षिण की ओर स्थित फुट ओवर ब्रिज (FOB) को हटाने के कार्य के संबंध में, इसकी जीर्ण-शीर्ण स्थिति के कारण, यह एफओबी 15 अप्रैल से 4 मई, 2025 तक बंद रहेगा।

## पश्चिम रेलवे द्वारा मुंबई सेंट्रल कानपुर अनवरगंज स्पेशल ट्रेन का सूरत स्टेशन पर ठहराव

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा उधना स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्य के कारण और यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रेन संख्या 09185/09186 मुंबई सेंट्रल-कानपुर अनवरगंज स्पेशल ट्रेन को उधना स्टेशन के बजाय सूरत स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया जाएगा।पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस ट्रेन का विवरण इस प्रकार हैः-13 अप्रैल, 2025 से ट्रेन संख्या 09185 मुंबई सेंट्रल - कानपुर अनवरगंज स्पेशल को सूरत स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया जाएगा। यह ट्रेन 14.28 बजे सूरत स्टेशन पर पहुंचेगी और 14.33 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार, 14 अप्रैल 2025 से ट्रेन संख्या 09186 कानपुर अनवरगंज-मुंबई सेंट्रल स्पेशल को सूरत स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया जाएगा। यह ट्रेन 16.20 बजे सूरत स्टेशन पर पहुंचेगी और 16.25 बजे प्रस्थान करेगी।उपरोक्त ट्रेनें उधना स्टेशन पर नहीं रुकेंगी।विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर अवलोकन कर सकते हैं।

# माहिम और बांद्रा के बीच ब्रिज संख्या 20 की री-गर्डरिंग के लिए 11/12 और 12/13 अप्रैल, 2025 की मध्यरात्रि को कुछ ट्रेनें होंगी प्रभावित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे के माहिम और बांद्रा स्टेशनों के बीच ब्रिज संख्या 20 की रीगर्डरिंग के कारण 11/12 अप्रैल, 2025 (शुक्रवार/शनिवार) और 12/13 अप्रैल, 2025 (शनिवार/रविवार) की मध्यरात्रि को 09:30 बजे का एक मेजर ब्लॉक लिया जाएगा। 11/12 अप्रैल 2025 को अप एवं डाउन स्लो लाइनों पर 23:00 बजे से 08:30 बजे तक तथा डाउन फास्ट लाइन पर 00:30 बजे से 06:30 बजे तक ब्लॉक रहेगा। इसी तरह, 12/13 अप्रैल 2025 को अप एवं डाउन स्लो और डाउन फास्ट लाइनों पर 23:30 बजे से 09:00 बजे तक तथा अप फास्ट लाइन पर 23:30 बजे से 08:00 बजे तक ब्लॉक रहेगा।पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कार्य निष्पादन के दौरान कुछ उपनगरीय सेवाओं के साथ-साथ मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें भी प्रभावित होंगी, जिनका इनका विवरण नीचे दिया गया हैः -

**11/12 अप्रैल, 2025 (शुक्रवार/शनिवार) को प्रभावित होने वाली उपनगरीय ट्रेनें:-**

शुक्रवार को 22:23 बजे से 23:58 बजे के बाद चर्चगेट से छूटने वाली सभी धीमी ट्रेनें मुंबई सेंट्रल और सांताक्रुज के बीच फास्ट लाइन पर चलेंगी और इसलिए महालक्ष्मी, लोअर परेल, प्रभादेवी, माटुंगा रोड, माहिम और खार रोड स्टेशनों पर नहीं रुकेंगी।

इसी तरह, विरार, भायंदर और बोरीवली से छूटने वाली कुछ धीमी ट्रेनें सांताक्रुज और मुंबई सेंट्रल के बीच फास्ट लाइन पर चलेंगी, इसलिए खार रोड, माहिम, माटुंगा रोड, प्रभादेवी, लोअर परेल और महालक्ष्मी स्टेशनों पर नहीं रुकेंगी।

शुक्रवार को चर्चगेट से आखिरी धीमी ट्रेनें 22:23 बजे भायंदर के लिए रवाना होंगी।

शुक्रवार को चर्चगेट से आखिरी फास्ट सर्विस 23:40 बजे विरार के लिए रवाना होगी।

चर्चगेट से 23:58 बजे विरार के लिए रवाना होने वाली लोकल ट्रेन मुंबई सेंट्रल और सांताक्रुज के बीच फास्ट लाइन पर चलेगी और इसलिए महालक्ष्मी, लोअर परेल, प्रभादेवी, माटुंगा रोड, माहिम और खार रोड स्टेशनों पर नहीं रुकेगी।

शुक्रवार को बोरीवली से आखिरी स्लो सर्विस 22:15 बजे चर्चगेट के लिए रवाना होगी। इस ट्रेन के रवाना होने के बाद, ब्लॉक अवधि के दौरान शेष ट्रेनें सांताक्रुज और मुंबई सेंट्रल के बीच फास्ट लाइन पर चलेंगी, इसलिए खार रोड, माहिम, माटुंगा रोड, प्रभादेवी, लोअर परेल और महालक्ष्मी स्टेशनों पर नहीं रुकेंगी।

शुक्रवार को विरार से आखिरी लोकल ट्रेन सेवा 00:05 बजे चर्चगेट के लिए रवाना होगी।

ब्लॉक अवधि के दौरान, चर्चगेट और दादर के बीच लोकल ट्रेन सेवाएं फास्ट लाइनों पर परिचालित की जाएंगी।

ब्लॉक अवधि के दौरान गोरेगांव और बांद्रा के बीच लोकल ट्रेन सेवाएं हार्बर लाइनों पर परिचालित की जाएंगी।

विरार और अंधेरी के बीच लोकल ट्रेन सेवाएं धीमी और तेज दोनों लाइनों पर परिचालित की जाएंगी।

शनिवार को विरार से चर्चगेट के लिए पहली लोकल ट्रेन सेवा 05:47 बजे रवाना होगी

शनिवार को भायंदर से चर्चगेट के लिए पहली धीमी लोकल ट्रेन सेवा 06:10 बजे रवाना होगी और सांताक्रुज और मुंबई सेंट्रल के बीच तेज लाइन पर चलेगी, इसलिए यह खार रोड, माहिम, माटुंगा रोड, प्रभादेवी, लोअर परेल और महालक्ष्मी स्टेशनों पर नहीं रुकेगी।

शनिवार को बोरीवली से चर्चगेट के लिए पहली धीमी लोकल ट्रेन सेवा 08:03 बजे रवाना होगी।

चर्चगेट से पहली फास्ट लोकल ट्रेन 06:14 बजे बोरीवली के लिए रवाना होगी और मुंबई सेंट्रल और सांताक्रुज के बीच फास्ट लाइन पर चलेगी और इसलिए महालक्ष्मी, लोअर परेल, प्रभादेवी, माटुंगा रोड, माहिम और खार रोड स्टेशनों पर नहीं रुकेगी।

चर्चगेट से विरार के लिए पहली फास्ट लोकल ट्रेन 06:15 बजे रवाना होगी

चर्चगेट से बोरीवली के लिए पहली धीमी लोकल ट्रेन 08:03 बजे रवाना होगी

12/13 अप्रैल, 2025 (शनिवार/रविवार) को प्रभावित होने वाली उपनगरीय ट्रेनें:-

ब्लॉक अवधि के दौरान, चर्चगेट और दादर के बीच सेवाएं फास्ट लाइनों पर चलेंगी।

ब्लॉक अवधि के दौरान, शनिवार रात/रविवार सुबह, दहानू रोड, विरार, नालासोपारा, वसई रोड, भायंदर और बोरीवली से शुरू होने वाली सभी यूपी लोकल ट्रेन सेवाएं अंधेरी तक चलेंगी।

गोरेगांव और बांद्रा/माहिम के बीच सेवाएं हार्बर लाइनों पर परिचालित की जाएंगी।

शनिवार को चर्चगेट से विरार के लिए अंतिम धीमी सेवा 22:53 बजे रवाना होगी।

शनिवार को चर्चगेट से विरार के लिए अंतिम फास्ट सेवा 23:05 बजे रवाना होगी।

शनिवार को माहिम से लास्?ट हार्बर लाइन सेवा 00:11 बजे गोरेगांव के लिए रवाना होगी (सीएसएमटी प्रस्थानः 23.:46 बजे)।

शनिवार को बांद्रा से विरार के लिए आखिरी सेवा 01:30 बजे रवाना होगी।

शनिवार को बोरीवली से चर्चगेट के लिए आखिरी धीमी सेवा 22:49 बजे रवाना होगी।

शनिवार को विरार से चर्चगेट के लिए आखिरी तेज लोकल ट्रेन 22:24 बजे रवाना होगी।

शनिवार को विरार से बांद्रा के लिए आखिरी लोकल ट्रेन 00:05 बजे रवाना होगी।

ब्लॉक अवधि के दौरान, चर्चगेट और दादर के बीच लोकल ट्रेन सेवाओं को फास्ट लाइनों पर परिचालित किया जाएगा।

ब्लॉक अवधि के दौरान, गोरेगांव और बांद्रा के बीच लोकल ट्रेन सेवाओं को हार्बर लाइनों पर परिचालित किया जाएगा।

विरार और अंधेरी के बीच लोकल ट्रेन सेवाओं को धीमी और तेज दोनों लाइनों पर परिचालित किया जाएगा।

रविवार को विरार से चर्चगेट के लिए पहली धीमी लोकल ट्रेन सेवा 08:08 बजे रवाना होगी

रविवार को भायंदर से चर्चगेट के लिए पहली लोकल ट्रेन (एसी सेवा) 08:24 बजे रवाना होगी

रविवार को वसई रोड से चर्चगेट के लिए पहली लोकल ट्रेन सेवा 08:14 बजे रवाना होगी। अंधेरी तक यह ट्रेन धीमी गति से चलेगी।

विरार से चर्चगेट के लिए पहली फास्ट लोकल ट्रेन 08:18 बजे रवाना होगी।

चर्चगेट से विरार के लिए पहली फास्ट लोकल ट्रेन 09:03 बजे रवाना होगी।

चर्चगेट से बोरीवली के लिए पहली धीमी लोकल ट्रेन 09:04 बजे रवाना होगी।

प्रभावित होने वाली मेल/एक?सप्रेस ट्रेनें:

शॉर्ट टर्मिनेट/ओरिजिनेट होने वाली ट्रेनें:-

1. 12 अप्रैल, 2025 की ट्रेन संख्या 09052 भुसावल-दादर स्पेशल बोरीवली में शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा बोरीवली और दादर के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

# मध्य रेल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में आरपी (यूपी) अधिनियम के तहत 87 लाख रुपये से अधिक मूल्य की रेलवे संपत्ति बरामद की

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान आरपी (यूपी) अधिनियम के तहत रेलवे संपत्ति की चोरी और अवैध कब्जे पर अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है। बढ़ी हुई गश्त, निगरानी और केंद्रित अभियानों के माध्यम से, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रेलवे संपत्ति की चोरी और अवैध कब्जे पर अंकुश लगाने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है2024-25 में कुल 430 मामले दर्ज किए गए और 974 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि पिछले वर्ष 2023-24 में 534 मामले दर्ज किए गए और 1,272 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया था। यह उच्च वसूली दर को बनाए रखते हुए मामलों में कमी के साथ बेहतर परिचालन दक्षता को दर्शाता है।

आरपीएफ ने 87,42,388 रुपये की रेलवे संपत्ति सफलतापूर्वक बरामद की, जो राष्ट्रीय संपत्तियों की संरक्षा के लिए मध्य रेल की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**मंडलवार उपलब्धियां:**

मुंबई मंडलः 179 मामले दर्ज किए गए, 345 अपराधी गिरफ्तार किए गए, 23,79,619 रुपये बरामद किए गए

भुसावल मंडलः 77 मामले, 171 गिरफ्तारियां, 7,42,718 रुपये बरामद किए गए

नागपुर मंडलः 84 मामले, 243 गिरफ्तारियां, 33,07,988 रुपये बरामद किए गए

पुणे मंडलः 71 मामले, 159 गिरफ्तारियां, 18,91,771 रुपये बरामद किए गए

सोलापुर मंडलः 16 मामले, 56 गिरफ्तारियां, 4,20,292 रुपये बरामद किए गए

ये परिणाम रेलवे संपत्ति की संरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने में मंडलों में तैनात आरपीएफ कर्मियों के समर्पण को उजागर करते हैं।

# वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान टिकट जांच में सोलापुर मंडल का सराहनीय प्रदर्शन, 11.83 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल के सोलापुर मंडल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 (अप्रैल 2024 से मार्च 2025) के दौरान टिकट जांच में असाधारण प्रदर्शन किया है, निरंतर प्रयासों और गहन जांच अभियानों के माध्यम से 11.83 करोड़ का उल्लेखनीय राजस्व दर्ज किया है।पूरे वर्ष में कुल 10,987 टिकट जांच अभियान चलाए गए, जिनमें 850 विशेष गहन अभियान, 64 स्पॉट चेक और 36-36 एम्बुश, क्रॉस-कंट्री और फोर्ट्रेस चेक शामिल हैं। कुल 2,51,030 मामलों से 11,82,86,960 की वसूली इस प्रकार की गईः

- बिना टिकट यात्रीः 1,22,131 मामलों से 6,61,15,809

- अनियमित यात्राः 1,05,577 मामलों से 4,75,11,921

- बिना बुक किए सामानः 22,161 मामलों से 42,05,730

- कूड़ा-कचरा फैलानाः 1,003 मामलों से 4,21,900

- निषिद्ध क्षेत्रों में धूम्रपानः 158 मामलों से 31,600

उत्कृष्ट प्रदर्शनकर्ताः मंडल की सफलता एक समर्पित टीम द्वारा संचालित थी। शीर्ष 3 प्रदर्शनकर्ता हैं:

1. मोबिन शेख 4,860 मामलों से 27,60,280

2. संजय ए. उबाले 2,684 मामलों से 21,48,195

3. एस. जे. शिंदे 3,858 मामलों से 20,65,485

कर्तव्य से परे सराहनीय कार्यः कई कर्मचारी अपने कर्तव्यों से परे जाकर महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इस वर्ष टिकट जाँच कर्मचारियों द्वारा सतर्कता और सार्वजनिक सेवा के प्रेरक कार्य भी देखे गएः

- लेखराम मीना को 12115 सिद्धेश्वर एक्सप्रेस के कोच एस3 और एस4 में असामान्यताओं की सूचना देने के लिए महाप्रबंधक का सुरक्षा पुरस्कार मिला।

- जीवन इंगले ने ट्रेन 11020 कोणार्क एक्सप्रेस में हॉट एक्सल की पहचान की, जिससे संभावित दुर्घटना को टालने में मदद मिली।

- राहुल एस. कांबले ने ट्रेन 12116 सिद्धेश्वर एक्सप्रेस में हॉट एक्सल की सूचना दी, जिससे सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित हुआ।

- संतोष एन प्रसाद ने ट्रेन 12627 कर्नाटक एक्सप्रेस में दो नाबालिग लड़कियों को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

यह असाधारण टिकट जाँच प्रदर्शन वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक श्री योगेश पाटिल के निरंतर मार्गदर्शन और समर्थन और सहायक वाणिज्यिक प्रबंधक (टिकट जाँच) श्रीमती कल्पना बंसोड़े और उनकी सक्रिय टिकट जाँच टीम के नेतृत्व का परिणाम है। सोलापुर मंडल अपने नेटवर्क में सुरक्षित और वैध यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। वित्त वर्ष 2024-25 के प्रभावशाली आंकड़े न केवल सख्त टिकट जाँच को दर्शाते हैं, बल्कि यात्रियों और रेल संपत्ति की सुरक्षा में कर्मचारियों की सक्रिय भूमिका को भी दर्शाते हैं।

# कोंकण पर उद्धव ठाकरे का प्यार है बनावटी, एकनाथ शिंदे की शिवसेना के नेता ने बोला तीखा हमला



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः कोंकण में खोई जमीन वापस हासिल करने में लगे पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की शिंदे सेना के मुख्य प्रवक्ता दीपक केसरकर ने तीखी आलोचना की है। केसरकर ने आरोप लगाया कि कोंकण और वहां के प्रति उद्धव ठाकरे का बनावटी प्रेम है। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने कोंकण की पूरी तरह से उपेक्षा की। कोई भी नई परियोजना नहीं लाई। कोंकण के काजू किसानों की उन्होंने कभी नहीं सुनी। इसी कारण ही वहां के लोगों ने उद्धव ठाकरे को नकार दिया। मौका था तो कुछ नहीं किया और अब जब कुछ नहीं बचा तो बयानों के तीर चला रहे हैं केसरकर ने उद्धव ठाकरे की जमकर खबर लीबुधवार को बालासाहेब ठाकरे भवन में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में पूर्व मंत्री केसरकर ने उद्धव ठाकरे की जमकर खबर ली। उन्होंने कहा कि कोंकण के किसानों के लिए काजू बोर्ड के संदर्भ में महाविकास आघाडी सरकार ने एक समिति गठित की थी। उस वक्त मैं वित्त राज्यमंत्री के साथ-साथ उस समिति का अध्यक्ष भी था। वह काजू नीति कोंकण की कायापलट करने वाली महत्वपूर्ण नीति थी, परंतु ढाई वर्ष के मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कभी भी इस नीति को मंजूरी नहीं दी। उस वक्त ठाकरे ने कोकण को पूरी तरह से को नजरअंदाज किया। कोकण के प्रति उनका कितना प्रेम है यह मैंने बहुत करीब से अनुभव किया। कोकण के विकास के लिए एक भी बार आग्रह नहीं किया यह सच्चाई है। कोकणी जनता के प्रति उनका यह प्रेम बनावटी है।

शिंदे ने 1500 करोड़ दिया

केसकर ने आगे कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री जब एकनाथ शिंदे थे तब उन्होंने कोंकण काजू बोर्ड के विकास के लिए 1500 करोड़ रुपये मंजूर किया था। शिंदे के मुख्यमंत्री कार्य में ही काजू किसानों को पहली बार आर्थिक मदद मिली। काजू का उत्पादन करने वाले सभी किसानों को 3,000 रुपये दिया। उद्धव ठाकरे को अगर कोंकण के लोगों के प्रति प्रेम होता तो काम एकनाथ शिंदे ने काजू किसानों की मदद के लिए लिए किया वहीं काम उद्धव करते, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया और आज राग अलाप रहे हैं कि कोंकण में अपनी जड़े मजबूत करेंगे। केसरकर ने दावा किया कि कोंकण बालासाहेब के विचारों और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व के साथ रहेगा। लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में कोंकण की जनता मूलतः शिवसेना के साथ रही इस पर मुहर लग चुकी है।

## पत्नी से जान का खतरा, बड़ौत थाने पहुंचा पति

### 6 लाख रुपये की मांग, जान से मारने की धमकी का आरोप

बडौत, खट्टा प्रहलादपुर में एक पति ने अपनी पत्नी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। नरेन्द्र पुत्र मानसिंह ने चांदीनगर थाने में पहुंचकर अपनी पत्नी से जान का खतरा बताया है। नरेन्द्र की शादी खेकड़ा की रहने वाली गरीमा से हुई है और उनके दो बच्चे हैं। पति का आरोप है कि उसकी पत्नी उससे 6 लाख रुपये की मांग करती है। पैसे न देने पर वह मारपीट करती है। पत्नी ने नरेन्द्र की बहन के साथ भी मारपीट की। वह लगातार जान से मारने की धमकी भी दे रही है। नरेन्द्र ने जब इस बारे में पत्नी के परिवार वालों से शिकायत की, तो उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। परेशान होकर नरेन्द्र चांदीनगर थाने पहुंचा। उसने पत्नी के खिलाफ लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

## बस ने बाइक को मारी टक्कर

बागपत, बड़ौत में तेज रफ्तार बस ने एक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना बड़ौत कोतवाली की है। बस चालक ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान उसने बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी

**पश्चिम रेलवे**

रुचि की अभिव्यक्ति

अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (ए)/मुंबई सेंट्रल, निविदा सूचना क्रमांकः MD/173/7/CTSE/EMPANELMENT/PLG, दिनांक 07.04.2025 आमंत्रित करता है। **कार्य का नामः** स्वास्थ्य इकाई, पालघर के साथ बिलिंग प्रणाली पर रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार आपात स्थिति में रेलवे लाभार्थियों को रेफर करने के लिए मल्टीस्पेशलिटी/सिंगल स्पेशियलिटी/डायलिसिस अस्पताल के पैनल के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (EOI)। **कार्यालय जहां निविदा फॉर्म उपलब्ध है और जमा करना हैः** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, ग्राउंड फ्लोर, DRM कार्यालय भवन, मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन के पास, मुंबई सेंट्रल, मुंबई, पिन 400008। **EMD (INR):** शून्य। पैनल की अवधिः LOA जारी होने से 02 वर्ष। **जमा करने की अंतिम तिथि और समयः** 22.04.2025, 12:00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समयः** 22.04.2025 को 15:00 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ

0021

facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

मुंबई डिवीजन में 'सभी वाहन भुगतान करें और पार्क करें' का संचालन

**मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्यिक विभाग, पार्किंग अनुभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400 008। कार्य - मुंबई मंडल में 'सभी वाहन भुगतान करें और पार्क करें' का संचालन।**

नीलामी सूची संख्याः BCT-PKG-2526-1 | EMD - वार्षिक बोली मूल्य का 10%

ई-नीलामी की तिथिः 21.04.2025 | ई-नीलामी का समयः 12:00 बजे

| क्रमांक | स्टेशन | स्थान | क्षेत्र (वर्ग मीटर) | कार्यकाल |
|---|---|---|---|---|
| | माहिम | ईस्ट | 232 | 03 वर्ष |
| | दादर | अंडर पीआरएस बिल्डिंग | 472.98 | 03 वर्ष |

नोटः आगे की जानकारी के लिए, संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी पट्टा मॉड्यूल देखें। साइटों के बारे में जानकारी उपर्युक्त सूची में लॉट विवरण में उपलब्ध है।

0022

facebook.com/WesternRly • x.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

मरम्मत कार्य

मंडल रेल प्रबंधक (डब्यूए), पश्चिम रेलवे, छठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल मुंबई 400008, क्रमांकः1 आमंत्रित करता है। **निविदा सूचना सं.:** बीसीटी/25-26/04, **दिनांकः** 07.04.2025। **कार्य और स्थानः** बांद्रा टर्मिनसः (1) कोचिंग डिपो में रसोई के साथ कंप्रेसर रूम और हॉल की मरम्मत। (2) प्लेटफॉर्म नंबर 1 की सतह की मरम्मत। कार्य की **लगभग लागतः** 1,77,61,567.68। **ईएमडीः** 2,38,800/ **क्रमांकः2। निविदा सूचना सं.: बीसीटी/25-26/05, दिनांकः 07.04.2025।** कार्य और स्थानः (1) जोगेश्वरी / राम-मंदिर, गोरेगांव और मलाड रेलवे स्टेशनः 730 दिनों के लिए आउटसोर्सिंग द्वारा दिन-प्रतिदिन के आधार पर आवश्यकता आधारित मरम्मत। (2) सांताक्रूज, विले पार्ले और अंधेरी रेलवे स्टेशनः 730 दिनों के लिए आउटसोर्सिंग द्वारा दिन-प्रतिदिन के आधार पर आवश्यकता आधारित मरम्मत। (3) कांदिवली और बोरीवलीः 730 दिनों के लिए आउटसोर्सिंग द्वारा दिन-प्रतिदिन के आधार पर आवश्यकता आधारित मरम्मत। कार्य की **अनुमानित लागतः** 3,20,27,448.95। **ईएमडीः** 3,10,100/-। दोनों निविदाएं जमा करने की तिथि और समयः 02.05.2025, 15:00 बजे तक। दोनों निविदाएं **खोलने की तिथि और समयः** 02.05.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं

0019

facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

सोलापूर मंडल

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) सोलापूर, भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये ई-निविदाये आमंत्रित करते है।

| निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत रु. | बयाना रक्कम | समापन की अवधी | अनुरक्षण की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 06-2025-SrDENS | 1-improvement of C&W old and new shed at Wadi station under ADEN/KLBG, 2-Improvement to TTE rest house at Wadi station under ADEN/KLBG, 3-Replacement of PPGI sheet and valley gutter of COP on PF NO-1 and repairs of booking office toilet block at SUR station. | Rs. 2,80,77,325.26 | Rs. 2,90,400.00 | 09 Months | 12 Months |

| | |
|---|---|
| www.ireps.gov.in इस वेबसाईट पर टेंडर अपलोड करणे कि अंतिम दिनांक और समय | 30.04.2025 को 15:00 बजे तक |
| www.ireps.gov.in इस वेबसाईट पर टेंडर खुलने का दिनांक और समय | 30.04.2025 को 15:30 बजे |

**निविदाकारोंसे निवेदन है की कोई बदलाव/शुद्धिपत्र (यदि हो) के लिये वेबसाइट www.ireps.gov.in पर टेंडर बंद होने की तारीख तक समय समय पर भेंट दे।**

**मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), मध्य रेल, सोलापूर**

SUN 65

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

# शिवसेना शहर प्रमुख अरविन्द वालेकर ने अंबरनाथ पूर्व के अटल उद्यान में लगवाया बोरवेल

**रंग महोत्सव के दौरान वरिष्ठ नागरिकों ने अटल उद्यान के लिए बोरवेल की मांग की थी।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ. अंबरनाथ पूर्व की सूर्योदय सोसायटी के अटल उद्यान में शिवसेना शहर प्रमुख और पूर्व नगराध्यक्ष अरविंद वालेकर ने अटल उद्यान में वृक्षों के रख रखाव और पानी की व्यवस्था के लिए वरिष्ठ नागरिकों द्वारा की गई मांग को पूर्ण करते हुए मंगलवार 8 अप्रैल को बोरवेल लगाकर उसका उद्घाटन वरिष्ठ नागरिकों से ही करवा कर एक उल्लेखनीय कार्य किया है। ज्ञात है कि होली के अवसर पर युवासेना और कल्याण-भिवंडी लोकसभा निरीक्षक निखिल अरविंद वालेकर के सौजन्य से रंग महोत्सव का आयोजन किया गया था। इसी आयोजन में यहां के वरिष्ठ नागरिकों ने शिवसेना शहर प्रमुख अरविंद वालेकर से यहां के वृक्षों को पानी उपलब्ध करवाने के लिए बोरवेल की मांग की थी। इसी मांग को लगभग एक महीने में पूर्ण करते हुए अटल उद्यान में बोरवेल का निर्माण कर इसका उद्घाटन कर दिया गया। स्थानीय नागरिकों ने अटल उद्यान में बोरवेल लगने से अपनी खुशी का इजहार करते हुए शहर प्रमुख अरविंद वालेकर का आभार प्रकट करते हुए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर युवा सेना के कल्याण-भिवंडी लोकसभा के निरीक्षक एडवोकेट निखिल अरविंद वालेकर, संजय फुलोरे, अनिता अदक और स्थानीय वरिष्ठ नागरिकों के साथ अन्य लोग भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# अंबरनाथ पश्चिम के महेंद्र नगर परिसर में अनधिकृत निर्माण कार्यों पर नपा ने चलाया बुलडोजर

**5 व्यावसायिक गाले, 7 घरों और 25 फाउंडेशन जमींदोज किए गए।**







भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ.बुधवार को अंबरनाथ नगरपालिका ने अनधिकृत निर्माण कार्यों के विरुद्ध जोरदार कार्यवाही करते हुए अंबरनाथ पश्चिम स्थित महेंद्र नगर में अनधिकृत बांधकम पर बुलडोजर चलाकर जोरदार कार्यवाही की। इन इलाके में वन विभाग, महसूली विभाग और निजी जगहों पर अनेक अनधिकृत निर्माण कार्य हुए हैं। अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत महेंद्र नगर में बुधवार को 5 व्यावसायिक गाले,7 घर और 25 फाउंडेशनों पर बुलडोजर चलाकर उन्हें जमीदोज कर दिया गया। इस परिसर में अभी भी सैंकड़ों की संख्या में अनधिकृत गाले,घर आदि है। नपा अधिकारी अतिक्रमण विभाग प्रमुख नरेंद्र शंखे ने बताया कि नपा मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड के आदेशानुसार महेंद्र नगर में नाले के पास स्थित अनधिकृत बांधकामों पर बुलडोजर चलाकर 5 गाले,7 घर और 25 फाउंडेशन ध्वस्त किए गए है। अनधिकृत निर्माण कार्यों के प्रति आगे भी ऐसे ही कार्यवाही को जाएगी।

इस अभियान में पुलिस का तगड़ा बंदोबस्त और विद्युत विभाग के वायरमैन और मीटर निकालने वाले कर्मचारी भी उपस्थित रहे। इस कार्यवाही में अतिक्रमण विभाग के अनेक कर्मचारी जैसे श्याम जाधव, अनिल जाधव, मोहन आनंद भिवाल आदि भी उपस्थित रहे।

फास्ट ट्रैक

# कुएं की जमीन पर बने धार्मिक स्थल का विवाद

**शाहजहांपुर में विहिप ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई की मांग**

शाहजहांपुर, एक धार्मिक स्थल को लेकर विश्व हिंदू परिषद ने प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। विहिप के संगठन मंत्री राजेश कुमार के नेतृत्व में कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। मामला सदर बाजार क्षेत्र में स्थित एक प्राचीन कुएं का है। विहिप का कहना है कि यह कुआं सैकड़ों वर्ष पुराना है। हिंदू समाज पिछले 150 वर्षों से इस कुएं पर कुआंवारा की रस्म निभाता आ रहा है। इससे उन्हें 'कस्टमरी राइट ऑफ ईजमेंट' प्राप्त है। विहिप के अनुसार करीब 20 साल पहले दूसरे पक्ष के कुछ लोगों ने कुएं और आसपास की सरकारी नजूल भूमि पर अवैध निर्माण कर लिया। इस अवैध निर्माण को रोकने और हटाने के लिए कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिला न्यायालय ने भी इस जमीन को कुएं की भूमि माना है। विहिप का आरोप है कि पुलिस-प्रशासन न्यायालय के आदेश का पालन नहीं कर रहा है। जिला प्रशासन ने ज्ञापन लेकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।




# दुर्दशाः उल्हासनगर रेलवे स्टेशन और पूर्व को पश्चिम से जोड़ने वाला स्काई वॉक जर्जर अवस्था में

**स्काई वॉक पर हजारों लोगों का विशेषकर स्कुल कॉलेज के विद्यार्थियों का आवागमन होता है।**

**2010 में 34 करोड़ की लागत से बने स्काई वॉक का उद्घाटन तत्कालीन पालक मंत्री गणेश नाइक ने किया था।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




उल्हासनगर. वर्ष 2010 में 34 करोड़ रुपए की लागत से एम.एम.आर.डी.ए. द्वारा निर्मित उल्हासनगर रेलवे स्टेशन परिसर को पुर्व और पश्चिम से जोड़ने वाला स्काई वॉक (पादचारी पुल) आज जर्जर अवस्था में पहुंचकर की अनहोनी दुर्घटना की बाट जोह रहा है। उल्हासनगर क्रमांक 3 सी.एच. एम.कॉलेज के ऊपर की तरफ के स्काई वॉक की रैलिंग टूट गयी है जिससे विद्यार्थियों की सुरक्षा सवालों के दायरे में आ गई है। इस स्काई वॉक पर दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। स्काई वॉक की सीढ़ियां भी टूट चुकी हैं। जगह जगह टाइल्स उखड़ चुकी है। स्काई वॉक की रेलिंग भी चोरी हो चुकी है। भंगार माफियाओं द्वारा इसके पत्रे तक चुराये जाने की जानकारी है। असामाजिक तत्वों और आशिकमिजाजी लोगों ने इसे अपना अड्डा बना लिया है। इस पर सुरक्षा रक्षक भी तैनात नहीं रहता है।

बताते चले कि उल्हासनगर रेलवे स्टेशन पर बना ये स्काई वॉक 2008 में बनना प्रारंभ हुआ था और 2010 में बनकर तैयार हुआ था। इसके निर्माण में 34 करोड़ रुपए की लागत लगी थी। तत्कालीन ठाणे जिले के पालक मंत्री गणेश नाइक और एम.एम.आर.डी.ए. के सदस्यो की उपस्थिती में इसका उद्घाटन हुआ था। रखरखाव के अभाव में स्काई वॉक आज बदहाली अवस्था में पहुंच चुका है। वर्ष 2010 से 2015 तक इसके मेंटेनेंस के लिये कम्पनी विशेष को 5 साल के एग्रीमेंट पर देखरेख करने का ठेका दिया गया था परंतु उसके बाद ठेका रिन्यू ना होने की वजह से यह स्काई वॉक दुरावस्था में पहुंच गया है।

# शराब तस्कर अजीत सिंह हत्याकांड में बड़ी कार्रवाई

**50 हजार का इनामी प्रमोद बघेल बिहार बॉर्डर से गिरफ्तार, एसटीएफ और पुलिस की कार्रवाई**

देवरिया, एसटीएफ लखनऊ और बनकटा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में 50 हजार रुपए के इनामी प्रमोद सिंह बघेल को गिरफ्तार किया है। उसे बिहार बॉर्डर के पास सुंदरपार से पकड़ा गया। प्रमोद कहीं भागने की फिराक में था। बनकटा थाना क्षेत्र के जंजीरहा गांव के रहने वाले अजीत सिंह उर्फ जड़ी की पिछले साल दीपावली पर हत्या कर दी गई थी। अजीत ग्राम प्रधान था और क्षेत्र का प्रमुख शराब तस्कर भी था। शराब तस्करी में वर्चस्व को लेकर उसकी गोलियों से भूनकर हत्या की गई। मृतक के पिता ने अहिरौली बघेल के राजेश सिंह उर्फ पिंटू बघेल, प्रमोद सिंह बघेल, अखिलेश उर्फ दरोगा कुशवाहा और राजू चौरसिया के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज कराई थी। दरोगा कुशवाहा और राजू चौरसिया शराब के साथ गिरफ्तार होकर हाजीपुर जेल पहुंच गए। जांच में राजेश कुमार सिंह उर्फ पिंटू बघेल के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला।

# चार दिन से घर के बाहर रखा शव



**परिजनों का हत्या का आरोप, पोस्टमार्टम में दुर्घटना से मौत की पुष्टि; आसपास दुर्गंध फैली**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

रायबरेली,सरेनी बाजार स्थित चिकवाही मंडी के पास एक परिवार अपने बेटे के शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर रहा है। 26 वर्षीय गुड्डू की 23 फरवरी को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। परिजनों का आरोप है कि यह दुर्घटना नहीं बल्कि हत्या है। पुलिस ने परिजनों की मांग पर पोस्टमॉर्टम कराया। रिपोर्ट में मौत का कारण दुर्घटना सामने आया। लेकिन परिवार इस बात को मानने को तैयार नहीं है। पिछले चार दिनों से शव को घर के बाहर रखा गया है। इससे आसपास के क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने की मांग की है। सरेनी पुलिस का कहना है कि परिजनों को पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बारे में बता दिया गया है। रिपोर्ट में स्पष्ट है कि मौत दुर्घटना के कारण हुई है। फिर भी परिजन न्याय की मांग करते हुए अंतिम संस्कार से इनकार कर रहे हैं।

# दो अलग-अलग सड़कों हादसों में दो की मौत

**पूर्व प्रधान का बेटा और महिला की मौत, तीन घायल**

शाहजहांपुर, दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। खुटार के दीलीपपुर गांव के पूर्व प्रधान के बेटे अरुण मिश्रा की ट्रैक्टर-ट्राली से टक्कर में मौत हो गई। वहीं निगोही में डंपर की टक्कर से 50 वर्षीय गुड्डी देवी की जान चली गई। पहला हादसा पुवायां के पास हुआ। अरुण मिश्रा अपने एक साथी के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। गांव की मोड़ पर मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने अरुण मिश्रा को मृत घोषित कर दिया। उनके साथी का इलाज जारी है। अरुण राजनीति में सक्रिय थे। दूसरा हादसा निगोही थाना क्षेत्र के जठियूरा में हुआ। गुड्डी देवी अपनी भतीजी सुशीला और भतीजे बबलू के साथ बाइक से बीसलपुर जा रही थीं। इसी दौरान डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में गुड्डी देवी की मौके पर मौत हो गई। सुशीला और बबलू घायल हो गए। पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया है और फरार चालक की तलाश कर रही है। दोनों मृतकों के शवों का पंचनामा भर दिया गया है। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।



# बैंक के बाहर से सेल्स डेवलपमेंट मैनेजर की बाइक चोरी

**शाहजहांपुर में चोर ने कार का सहारा लेकर की वारदात, घटना सीसीटीवी में कैद**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, बाइक चोरी की एक नई वारदात सामने आई है। चौक के साउथ सिटी स्थित एक बैंक के बाहर से सेल्स डेवलपमेंट मैनेजर की बाइक चोरी हो गई। बैंक में कार्यरत अनमोल दीक्षित ने अपनी बाइक बैंक के बाहर खड़ी की थी। जब वह बाहर आए तो बाइक गायब थी। उन्होंने आसपास तलाश की और लोगों से पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। फुटेज में एक युवक बाइक पर बैठा दिखाई दिया। वह काफी देर तक बाइक पर बैठकर आसपास की रेकी करता रहा। जैसे ही एक कार आकर बाइक के पास रुकी, युवक ने बाइक स्टार्ट की और फरार हो गया। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश कर रही है। इस घटना से पता चलता है कि शहर में बाइक चोर गैंग फिर से सक्रिय हो गया है।

# पानी से भरे गड्ढे में मिला था अधेड़ का शव

**टोकन को लेकर हत्या का आरोप, परिजन बोले- बेटी का रिश्ता देखने-जाने वाले थे**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, एक ईंट भट्टे पर टोकन देने वाले कर्मचारी का शव पानी से भरे गड्ढे में मिला। परिजनों के मुताबिक, शव के उपर मिट्टी डाल दी गई थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। थाना कलान क्षेत्र के अब्दुल्लानगर मिलकिया गांव के 50 वर्षीय मुकेश यादव ईंट भट्टे पर काम करते थे। उनकी जिम्मेदारी ट्रैक्टर-ट्राली वालों को टोकन देने की थी। सोमवार रात खाना खाने के बाद वह काम पर गए। मृतक के चचेरे भाई सत्यदेव के अनुसार, कुछ ट्रैक्टर-ट्राली वालों से टोकन को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद उनकी हत्या कर शव को पानी से भरे गड्ढे में डाल दिया गया। मुकेश अपनी पत्नी, 20 वर्षीय बेटी रूची और दो बेटे शिवम व शोभित के साथ रहते थे। परिजनों ने बताया कि वह बेटी की शादी के लिए रिश्ता देखने वाले थे। परिवार ने भट्टा मालिक और कुछ ट्रैक्टर-ट्राली वालों पर शक जताया है। उन्होंने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# मंदिर जा रही महिला की सड़क हादसे में मौत

**सांड से बचने की कोशिश में अनियंत्रित हुई बाइक, पीछे बैठी महिला गिरी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, एक महिला की बाइक से गिरकर मौत हो गई। घटना में 55 वर्षीय सोना देवी अपने भतीजे सुनील के साथ बाइक पर मंदिर जा रही थीं।

पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। रैपुरा गांव के पास अचानक सड़क पर एक सांड आ गया। भतीजे सुनील ने सांड से बचने के लिए बाइक को रोकने का प्रयास किया। अचानक ब्रेक लगाने से बाइक अनियंत्रित हो गई। इससे पीछे बैठी सोना देवी सड़क पर गिर गईं। चोट गंभीर होने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची जलालाबाद थाना क्षेत्र के आजाद नगर मोहल्ले की रहने वाली सोना देवी कोला के पास एक मंदिर में प्रसाद चढ़ाने जा रही थीं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिवार को सूचित किया और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दुर्घटना से परिवार में शोक की लहर है।

# गेहूं के खेत में मिला अज्ञात शव

**चार से पांच दिन पुराना लग रहा शव, पुलिस शिनाख्त कराने में जुटी**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, रोजा में एक गेहूं के खेत से एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ। बसुलिया गांव के रिंग रोड किनारे स्थित खेत में काम करने गए ग्रामीणों ने शव देखा और पुलिस को सूचना दी। बसुलिया गांव सिंधौली और रोजा थाने की सीमा पर स्थित है। दोनों थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। रोजा थाना प्रभारी राजीव कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। युवक की जींस की तलाशी ली, लेकिन कोई पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं मिला। पुलिस के अनुसार शव तीन से चार दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। आसपास के लोगों को बुलाकर शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया गया। किसी ने भी मृतक की पहचान नहीं की। पुलिस ने शव की पहचान के लिए तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# तालाब की सफाई में नगर निगम की लापरवाही

**शाहजहांपुर में बिना ढके और बगैर डाले के ट्रैक्टर-ट्राली से मलबा ढोने से सड़कें गंदी, लोगों को परेशानी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, नगर निगम की लापरवाही से स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सदर बाजार क्षेत्र में पक्का तालाब की सफाई के दौरान निगम की ओर से बरती जा रही लापरवाही से समस्या और बढ़ गई है। पिछले दो दिनों से चल रही सफाई में नगर निगम ने बिना ढके ट्रैक्टर-ट्रालियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। सड़क पर बने गड्ढों में ट्राली के पहिये जाने से धक्का लगता है और मलबा सड़कों पर बिखर जाता है। चालक इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। ईदगाह से ककरा रोड तक फैली गंदगी से लोग घरों से बाहर निकलने में भी परेशान हैं। तेज हवा चलने पर ट्रैक्टर-ट्रालियों के पीछे चलने वाले लोगों को भी गंदगी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने इस समस्या को लेकर सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल किए, लेकिन नगर निगम ने कोई कार्रवाई नहीं की। नगर आयुक्त डॉ. विपिन मिश्रा ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में आ गया है। उन्होंने एक्सईएन को सड़कों पर फैले मलबे की सफाई और उचित निस्तारण के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि आगे स्थानीय लोगों को इस तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# स्वास्थ्य विभाग में घोटाला

**10 का पेन 95 में खरीदा, चार्ट पेपर 116 में; पूर्व सीएमओ समेत 7 अधिकारियों पर कार्रवाई की संस्तुति**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, स्वास्थ्य विभाग में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताएं सामने आई हैं। पूर्व सीएमओ डॉ. आरके गौतम के कार्यकाल में स्टेशनरी और उपकरणों की खरीद में भारी घोटाला किया गया। जांच में पता चला कि 10 रुपये की कीमत वाले पेन 95 रुपये में खरीदे गए। इस मद में साढ़े तीन लाख रुपये से अधिक का गबन हुआ। राइटिंग पैड और फोल्डर की खरीद में भी इतनी ही राशि खर्च की गई। एक चार्ट पेपर 116 रुपये की दर से खरीदा गया, जिस पर सवा चार लाख रुपये से ज्यादा खर्च किए गए। पेंसिल, रबर और शार्पनर की खरीद में 19 लाख रुपये का बजट खर्च किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने निरीक्षण के दौरान इन अनियमितताओं को पकड़ा। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर गठित चार सदस्यीय टीम ने जांच में घोटाले की पुष्टि की। जांच में यह भी सामने आया कि खरीद के लिए जिला स्वास्थ्य समिति से अनुमोदन भी नहीं लिया गया। डीएम ने पूर्व सीएमओ डॉ. आरके गौतम, पूर्व एसीएमओ डॉ. गोविंद स्वर्णकार, डॉ. मनोज मिश्रा, स्टोर इंचार्ज चीफ फार्मासिस्ट पवन गुप्ता, प्रधान सहायक संजय सिंह, लेखा प्रबंधक चंद्र प्रकाश पांडेय और जिला प्रशासनिक अधिकारी रामकिशोर के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की है। साथ ही पूर्व सीएमओ के तीन साल के कार्यकाल की पूरी खरीद की जांच और उनके खिलाफ सेवानिवृत्ति नियमों के तहत कार्रवाई की भी संस्तुति की है। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पूर्व सीएमओ के कार्यकाल में मनमाने तरीके से खरीद की गई है। प्रमुख सचिव ग्रह को पत्र लिखकर निलंबन और विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की है।

**भारत संवाद परिवार**

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)

4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# डोनाल्ड ट्रम्प ने दवाओं पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया

## कहा- इससे फार्मा कंपनियां वापस अमेरिका आएंगी, भारतीय कंपनियों को हो सकता है नुकसान

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ऐलान किया है कि हम जल्द ही दवाइयों पर भारी टैरिफ लगाने जा रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि उनका मकसद विदेश में दवा बना रही कंपनियों को अमेरिका में वापस लाना और घरेलू दवा इंडस्ट्री को बढ़ावा देना है। ट्रम्प ने कहा कि दूसरे देश दवाओं की कीमतों को कम रखने के लिए बहुत ज्यादा दबाव बनाते हैं। वहां ये कंपनियां सस्ती दवा बेचती हैं, लेकिन अमेरिका में ऐसा नहीं होता है। एक बार जब इन दवा कंपनियों पर टैरिफ लग जाएगा तो ये सारी कंपनियां अमेरिका वापस आ जाएंगी। अगर अमेरिका दवाओं पर भी टैरिफ लगाने का फैसला लेता है तो इसका भारत पर भी असर पड़ेगा। भारतीय फार्मास्यूटिकल कंपनियां हर साल अमेरिका को 40% जेनेरिक दवाएं भेजती हैं। ट्रम्प ने कहा कि दवाएं दूसरे देशों में बनती हैं और इसके लिए आपको ज्यादा कीमत चुकानी पड़ती है। लंदन में जो दवा 88 डॉलर में बिकती है, वही दवा अमेरिका में



1300 डॉलर में बिक रही है। अब यह सब खत्म हो जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति बोले कि टैरिफ लगाने से फार्मा कंपनियां वापस आएंगी, क्योंकि अमेरिका बहुत बड़ा बाजार है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो विदेशी दवा कंपनियों को भारी टैक्स चुकाना पड़ेगा। ट्रम्प दवाओं पर कब से और कितना टैरिफ लगाएंगे, इसकी तारीख उन्होंने नहीं बताई है। अमेरिका दुनिया में सबसे ज्यादा दवाएं खरीदने वाला देश है। यूएस ट्रेड डेटा के मुताबिक भारत, अमेरिका को सबसे ज्यादा दवा बेचने वाले टॉप-5 देशों में शामिल है। अनुमान है कि अगर टैरिफ का 50% बोझ मरीजों तक पहुंचाया गया, तो फार्मा कंपनियों की कमाई पर 1% से 7% तक का असर हो सकता है। ट्रम्प के इस ऐलान के बाद मार्केट एक्सपर्ट्स ने चेतावनी दी है कि इससे दवाओं की कीमतें बढ़ सकती हैं और सप्लाई चेन पर असर पड़ सकता है। फार्मा कंपनी एली लिली के सीईओ डेविड रिक्स ने बीबीसी से कहा कि टैरिफ से आरएंडडी (अनुसंधान और विकास) पर असर पड़ेगा, जिससे नई दवाओं का विकास रुक सकता है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक अमेरिका में ज्यादातर सस्ती जेनेरिक दवाएं भारत और चीन से आती हैं। मंहगी दवा मिलने का नुकसान मरीजों को उठाना पड़ेगा जिससे अमेरिका के लोगों की ही मुश्किलें बढ़ेंगी। अमेरिका के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के मुताबिक अमेरिका में इस्तेमाल होने वाली सभी जेनेरिक दवाओं की लगभग 40% भारत से भेजी जाती हैं। भारत से निर्यात होने वाली दवाओं में एंटीबायोटिक्स, एंटीडिप्रेसेंट्स और हृदय रोग की दवाएं होती हैं। भारत जेनेरिक दवाएं सस्ते में बनाता है, जिससे अमेरिकी हेल्थकेयर सिस्टम को हर साल अरबों डॉलर की बचत होती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक साल 2022 में अमेरिका ने भारत की दवाओं से 219 बिलियन डॉलर बचाए थे। ट्रम्प ने हाल ही में 2 अप्रैल को ३लिबरेशन डे३ टैरिफ की घोषणा की थी। इसके तहत अमेरिका ने 5 अप्रैल से हर देश पर 10% बेसलाइन टैरिफ लगा दिया था। 9 अप्रैल से अलग-अलग देशों पर जैसे को तैसा यानी रेसिप्रोकल टैरिफ लगा। इन दोनों टैरिफ में दवा इंडस्ट्री को छूट दी गई थी। अमेरिका ने भारत से आयात होने वाली सामानों पर 26% टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। यह आज से लागू हो गया है। लेकिन भारत या किसी और देश से आने वाली दवाओं पर ट्रम्प प्रशासन कोई टैरिफ नहीं लगाता।

# चीन ने अमेरिका पर 84% जवाबी टैरिफ लगाया

## अमेरिका के 104% टैरिफ के बाद उठाया कदम

एजेंसी

वॉशिंगटन, अमेरिका की तरफ से लगाए गए 104% टैरिफ के जवाब में चीन ने अमेरिका पर 84% टैरिफ लगा दिया है। ये टैरिफ कल से लागू होगा। इससे पहले चीन ने अमेरिकी सामान पर 34% टैरिफ लगाया था, जिसमें आज 50% का इजाफा किया गया है। चीन के कॉमर्स मंत्रालय ने ये भी कहा है कि उसने 12 अमेरिकी कंपनियों को एक्सपोर्ट कंट्रोल लिस्ट में डाला है। इससे पहले 6 कंपनियों को 'गैर भरोसेमंद' की लिस्ट में डाला था। वहीं, अमेरिका का चीन पर लगाया 104% टैरिफ आज से लागू हो गया है। इसका मतलब है कि अब से



अमेरिका पहुंचने वाले चीनी सामान दोगुने दाम से भी ज्यादा कीमत पर बिकेंगे। ट्रम्प ने फरवरी में चीन पर 10% टैरिफ लगाया था। इसके बाद उन्होंने मार्च में फिर से 10% टैरिफ लगा दिया। इस महीने की शुरूआत में ट्रम्प ने चीन पर 34% और टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। इसके जवाब में चीन ने अमेरिका पर भी 34% टैरिफ लगा दिया था। ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि अगर चीन ने अमेरिका पर लगाया गया 34% टैरिफ वापस नहीं लिया तो उसे मार्च में लगाए 20% और 2 अप्रैल को लगाए गए 34% टैरिफ के साथ बुधवार से 50% एक्स्ट्रा टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। इसके बाद ट्रम्प ने चीन पर 50% ज्यादा टैरिफ लगा दिया, जो बढ़कर कुल 104% हो गया है। ट्रम्प की इस धमकी पर चीन ने कहा था कि हमारे ऊपर लगे टैरिफ को और बढ़ाने की धमकी देकर अमेरिका गलती के ऊपर गलती कर रहा है। अमेरिका का ब्लैकमेलिंग करने वाला रवैया सामने आ रहा है। चीन इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा। अगर अमेरिका अपने हिसाब से चलने की जिद करेगा तो चीन भी आखिर तक लड़ेगा। रविवार को चीन ने दुनिया के लिए साफ संदेश भेजा था- ह्यअगर ट्रेड वॉर हुआ, तो चीन पूरी तरह तैयार है- और इससे और मजबूत होकर निकलेगा।' चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के मुखपत्र पीपुल्स डेली ने रविवार को एक टिप्पणी में लिखाः 'अमेरिकी टैरिफ का असर जरूर होगा, लेकिन 'आसमान नहीं गिरेगा।' ट्रम्प ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में कहा कि टैरिफ की जो कोई भी आलोचना कर रहा है, वह बदमाश और धोखेबाज है। उन्होंने तब नहीं सोचा था जब अमेरिका ने 90 हजार कारखाने खो दिए थे। ट्रम्प ने कहा कि हम टैरिफ से बहुत सारा पैसा कमा रहे हैं। अमेरिका को हर दिन 2 बिलियन डॉलर (17.2 हजार करोड़ रुपए) ज्यादा मिल रहा है।

# एस जयशंकर बोले- ट्रम्प के टैरिफ का फिलहाल असर नहीं

## आगे क्या होगा, ये अभी नहीं पता, हमारा फोकस ट्रेड डील की बातचीत आगे बढ़ाने पर

एजेंसी



नई दिल्ली , अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से लगाए गए टैरिफ को लेकर भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि इस टैरिफ का भारत पर क्या पड़ा है, ये फिलहाल पता नहीं चला है। आगे इसका क्या असर होगा, ये भी हम नहीं जानते हैं। हमने तय किया है कि हम बहुत खुले और पॉजिटिव तरीके से ट्रम्प प्रशासन से इस मुद्दे पर बात करेंगे ।जयशंकर ने बुधवार को पहली बार टैरिफ पर विस्तार से जवाब दिया। उन्होंने कहा कि इस परिस्थिति से निपटने की हमारी रणनीति ये है कि हम इस साल अमेरिका के साथ द्विपक्षीय ट्रेड डील पर आगे बढ़ें। भारत शायद वह अकेला देश है जो डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिका के साथ ट्रेड डील साइन करने की बातचीत तक आया है।

### ट्रम्प प्रशासन ने भारत पर 26% टैरिफ लगाया

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से 9 अप्रैल को रेसिप्रोकल टैरिफ लागू किए गए। टैरिफ लगने वाले देशों में भारत भी शामिल है। भारत पर 26% टैरिफ लगाया गया है। फरवरी 2025 में पीएम मोदी ने अमेरिका यात्रा के दौरान राष्ट्रपति ट्रम्प से मुलाकात की थी। इसके बाद दोनों देशों ने इस साल के अंत तक व्यापार समझौते के पहले चरण पर बातचीत करने की घोषणा की थी ।जयशंकर बोले- हम पहले से अमेरिका के साथ ट्रेड एग्रीमेंट पर बात कर रहे

जयशंकर ने कहा कि आज दुनिया का हर देश अमेरिका से निपटने के लिए अपनी रणनीति बना रहा है, और भारत का लक्ष्य ट्रम्प प्रशासन के साथ एक व्यापार समझौते पर पहुंचना है ।उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात ने इस ट्रेड डील पर गंभीर बातचीत की जरूरत बढ़ा दी है ।उन्होंने आगे कहा कि अगर आप ट्रम्प के पहले कार्यकाल को देखें, तो हम उस वक्त भी एक ट्रेड पैक्ट पर बातचीत कर रहे थे, जो तब फाइनल नहीं हो सका। बाइडेन प्रशासन के दौरान हमने व्यापार की संभावनाओं पर चर्चा की और आखिरकार (इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क) के साथ आगे बढ़े ।जयशंकर ने कहा कि बाइडन प्रशासन हमारे साथ द्विपक्षीय समझौता करने के बिल्कुल खिलाफ था। भारतीय नजरिए से देखा जाए तो अमेरिका के साथ द्विपक्षीय समझौता करना हमारे लिए न तो नकारात्मक है और न ही ये ऐसी चीज है जो हम नहीं चाहते ।बल्कि ये लंबे समय से हमारा उद्देश्य रहा हैट्रम्प बोले- टैरिफ की आलोचना करने वाला बदमाश और धोखेबाजट्रम्प ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में कहा कि टैरिफ की जो कोई भी आलोचना कर रहा है, वह बदमाश और धोखेबाज है। उन्होंने तब नहीं सोचा था जब अमेरिका ने 90 हजार कारखाने खो दिए थे ।ट्रम्प ने कहा कि हम टैरिफ से बहुत सारा पैसा कमा रहे हैं। अमेरिका को हर दिन 2 बिलियन डॉलर (17.2 हजार करोड़ रुपए) ज्यादा मिल रहा है। कई देशों ने हमें हर तरह से लूटा है, अब लूटने की बारी हमारी है ।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 2024 तक अमेरिका को हर साल टैरिफ से 100 बिलियन डॉलर की कमाई होती थी ।अमेरिका में प्रोडक्शन बढ़ाने के लिए ट्रम्प ने रेसिप्रोकल टैक्स लगायाअमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2 अप्रैल को दूसरे देशों पर लगाया जाने वाला रेसिप्रोकल टैक्स का ऐलान किया था।

# अमस्क ने ट्रम्प के सलाहकार को बेवकूफ बताया

## टेस्ला को कार असेंबलर बताने पर भड़के; टैरिफ नीति पर भी असंतोष जताया


एजेंसी

वॉशिंगटन , टेस्ला के सीईओ इलॉन मस्क ने बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सीनियर ट्रेड एडवाइजर पीटर नवारो को बेवकूफ बताया। नवारो ने एक इंटरव्यू कहा था कि मस्क की टेस्ला कंपनी कार निमार्ता (मैन्युफैक्चरर) नहीं बल्कि कार असेंबलर है। नवारो ने कहा था कि टेस्ला ने बैटरी, इलेक्ट्रॉनिक्स और टायर बाहर से इंपोर्ट किए थे। मस्क सस्ते विदेशी पार्ट्स चाहते



हैं। नवारो के मुताबिक विदेशों पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगने से ये सभी पार्ट्स महंगे हो जाएंगे। मस्क नवारो के इस बयान से भड़क गए। उन्होंने कहा कि टेस्ला के बारे में नवारो के दावे साफ तौर पर झूठे हैं। टेस्ला के पास सबसे ज्यादा अमेरिका में मैन्युफेक्चर्ड कारें मस्क ने जवाब देते हुए कहा कि टेस्ला के पास सबसे ज्यादा अमेरिका में मैन्युफेक्चड्ड कारें हैं। नवारो ईंटों की बोरी से भी ज्यादा मूर्ख हैं। उन्होंने केली ब्लू बुक के एक आर्टिकल लिंक पोस्ट किया, जिसमें बताया गया था कि टेस्ला व्हीकल के ज्यादातर पार्ट्स अमेरिका में मैन्युफेक्चर होते हैं। नवारो ने सोमवार को सीएनबीसी पर कहा था कि ट्रम्प अमेरिका में मैन्युफेक्चरिंग इंडस्ट्री को पुनर्जीवित करना चाहते हैं। अगर आप अभी हमारी ऑटो इंडस्ट्री को देखेंगे तो हम जर्मन इंजन और ट्रांसमिशन के लिए असेंबली लाइन हैं। हम जल्द ऐसी स्थिति में पहुंच जाएंगे जहां अमेरिका फिर से सामान बनाएगा, मजदूरी बढ़ेगी, मुनाफा बढ़ेगा। नवारो के साथ विवाद से पहले ही मस्क ने ट्रम्प की टैरिफ नीति को लेकर अपना असंतोष जाहिर किया था।

# केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दो रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी, पीएम सिंचाई योजना की सब स्कीम पर भी लगी मुहर



एजेंसी

**केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2025-2026 की अवधि के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) की उप-योजना के रूप में 1600 करोड़ रुपये के प्रारंभिक कुल परिव्यय के साथ कमांड क्षेत्र विकास और जल प्रबंधन (एम-सीएडीडब्ल्यूएम) के आधुनिकीकरण को मंजूरी दी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 9 अप्रैल को भीड़भाड़ को कम करने के लिए दो रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाइब्रिड एन्युटी मोड पर पंजाब और हरियाणा में 1878.31 करोड़ रुपये की लागत से 19.2 किलोमीटर लंबाई वाले 6 लेन वाले प्रवेश नियंत्रित जीरकपुर बाईपास के निर्माण को मंजूरी दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने तिरुपति से काटपाडी तक दोहरीकरण को मंजूरी दी है जो 1332 करोड़ रुपये की परियोजना है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2025-2026 की अवधि के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) की उप-योजना के रूप में 1600 करोड़ रुपये के प्रारंभिक कुल परिव्यय के साथ कमांड क्षेत्र विकास और जल प्रबंधन (एम-सीएडीडब्ल्यूएम) के आधुनिकीकरण को मंजूरी दी। पीआईबी की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने एनएच-7 (जीरकपुर-पटियाला) के साथ जंक्शन से शुरू होकर एनएच-5 (जीरकपुर-परवाणू) के साथ जंक्शन पर समाप्त होने वाले 6 लेन वाले जीरकपुर बाईपास के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इसमें बताया गया है कि इसकी कुल लंबाई 19.2 किलोमीटर है। यह निर्माण पंजाब और हरियाणा राज्य में एनएच(ओ) के तहत हाइब्रिड एन्युटी मोड पर किया जाएगा। यह पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान सिद्धांत के तहत एकीकृत परिवहन बुनियादी ढांचे के विकास की सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। जीरकपुर बाईपास, जीरकपुर में एनएच-7 (चंडीगढ़-बठिंडा) के जंक्शन से शुरू होता है और पंजाब में पंजाब सरकार के मास्टर प्लान का अनुसरण करता है तथा हरियाणा के पंचकूला में एनएच-5 (जीरकपुर-परवाणू) के जंक्शन पर समाप्त होता है, जिससे पंजाब में जीरकपुर और हरियाणा में पंचकूला के अत्यधिक शहरीकृत और भीड़भाड़ वाले हिस्से से बचा जा सकेगा।

# सत्ता के संरक्षण में दबंग और अपराधी गरीबों पर कहर ढा रहेः अखिलेश यादव

एजेंसी

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय 19 विक्रमादित्य मार्ग लखनऊ में डॉ0 राममनोहर लोहिया सभागार में विभिन्न राज्यों से आये पार्टी पदाधिकारियों एवं नेताओं को सम्बोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में गरीबों के साथ अन्याय, अत्याचार की पराकाष्ठा हो गयी है। सत्ता के संरक्षण में दबंग और अपराधी गरीबों पर कहर ढा रहे हैं। गरीबों की हाय भाजपा सरकार को डुबो देगी। अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा साजिश और षडयंत्र करती है। समाज में नफरत फैलाती है। नफरत और आपसी वैमनस्यता फैलाना भाजपा का एजेण्डा है। भाजपा सरकार अराजक तत्वों को संरक्षण दे रही है। भाजपा और उसके सहयोगी संगठनों ने प्रदेश को अराजकता में झोंक दिया है। जनता भाजपा सरकार से डरने लगी है। प्रदेश में हत्या, लूट, बलात्कार जैसी घटनाएं इतनी तेजी से क्यों बढ़ रही है? भाजपा की सरकार में अपराधियों की तेजी से वृद्धि होने से अपराध नहीं रूक रहे हैं ।यादव ने कहा कि जनता भाजपा सरकार से बहुत पीड़ित, दुःखी और अपमानित है। समाजवादी पार्टी पीड़ित, दुःखी, अपमानित लोगों के साथ है और इनकी मदद करेगी। समाजवादी पार्टी के पीडीए की ताकत के सामने भाजपा टिक नहीं पायेगी।

# बिहार में बिजली गिरने से 10 लोगों की मौत

एजेंसी

देशभर में भीषण गर्मी के बीच बिहार में बिजली गिरने से 3 जिलों में 10 लोगों की मौत हो गई है। आज बुधवार को 4 जिलों में ओले गिरने का अलर्ट और 27 जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना है। असम और बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव का क्षेत्र के कारण बिहार तक नमी युक्त हवाएं आ रही है, जिनसे उत्तर-पूर्व के इलाकों में मौसम बदला है ।इधर, देश के उत्तरी-पश्चिमी राज्यों में अप्रैल के पहले हफ्ते से ही लू का असर तेज होता जा रहा है। राजस्थान, दिल्ली, मध्य प्रदेश, गुजरात, हरियाणा और पंजाब के कई हिस्से हीटवेव की चपेट में हैं। मध्य प्रदेश के 30 जिलों में आज हीटवेव का अलर्ट है ।दिल्ली में 15 साल अप्रैल में तापमान 40 डिग्री के पार गया है। कई इलाकों में हीटवेव के हालात हैं। इससे पहले 2011 में यह स्थितियां बनी थीं। राजस्थान के बाड़मेर में मंगलवार को टेम्परेचर 47 डिग्री रहा। 10 साल बाद अप्रैल में बाड़मेर का पारा 47 डिग्री पहुंचा है। जैसलमेर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ समेत कई जिलों में तेज गर्मी रही ।मौसम एजेंसी स्काईमेट ने अनुमान जताया है कि इस साल देश में मानसून सामान्य रहेगा। एजेंसी के मुताबिक, 80% से ज्यादा संभावना है कि मानसून सामान्य या उससे अधिक रहेगा। हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल, गुजरात और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में हीटवेव रिकॉर्ड की गई।


**सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग**

ACKE/ 702 /MOH/ DT.

**हित का सूत्र**

माननीय सहायक आयुक्त, के/ई ने सहायक आयुक्त के/पूर्व वार्ड में स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी के विभिन्न स्वास्थ्य पदों पर 'डी' श्रेणी से 08 ठेका मजदूरों को उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम की वेबसाइट (www.portal.mcgm.gov.in) पर नोटिस प्रकाशित करने और सार्वजनिक समाचार पत्र में विज्ञापन देने के लिए स्थानीय गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) से आशय का सीलबंद पत्र आमंत्रित करने के लिए अनुमोदन संख्या ACKE/702/MOH DT. 28.03.2025 दिया।

इच्छुक एजेंसियां विवरण, प्रोफार्मा आवेदन और आशय पत्र, स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी, के/पूर्व वार्ड से किसी भी कार्य दिवस पर (शनिवार सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर) विवरण प्राप्त कर सकती हैं, इसके लिए उन्हें लिखित आवेदन के साथ ड्राइंग चालान के साथ 3630/- रुपये + 18% जीएसटी (दिनांक 09.04.2025 से 15.04.2025 तक प्रातः 11.00 बजे से अपराह्न 02.00 बजे के बीच गैर-वापसीयोग्य) का भुगतान करना होगा।

स्वास्थ्य अधिकारी, के/ईस्ट के पास सीलबंद आशय पत्र
जमा करने की अंतिम तिथि 15.04.2025 को दोपहर 03.00 बजे तक है।
सभी एजेंसियों से प्राप्त सीलबंद आशय पत्र उसी दिन दोपहर 03.30 बजे के/ईस्ट वार्ड में खोले जाएंगे।
स्वास्थ्य अधिकारी, के/ईस्ट को निविदा आवेदन को अस्वीकार या रद्द करने का पूर्ण अधिकार है।

पीआरओ/100/विज्ञा0/2025-26

एसडी/
सहायक आयुक्त, के/पूर्व
पीआरओ/ ) ओबी आईएडीवीआई
2025-26

भोजन से पूर्व एवं शौच के बाद साबुन से हाथ अवश्य धोएं



**महाराष्ट्र शासन**

**सार्वजनिक बांधकाम विभाग**

**'ड' – निविदा सूचना क्रमांक**

खालील कामाच्या निविदा कार्यकारी अभियंता, इलाखा शहर विभाग, मुंबई, 2 रा माळा, बांधकाम भवन, 25 मर्झबान रोड, फोर्ट मुंबई 400001 दूरध्वनी क्रमांक 22016975 हे खालील कामासाठी अनुभवी कंत्राटदार ठेकेदार खालील कामाच्या निविदा कार्यकारी अभियंता, इलाखा शहर विभाग, मुंबई, 2 रा माळा, बांधकाम भवन, 25 मर्झबान रोड, यांचेकडून खालील कामाकरीता ड– नमुन्यातील' निविदा मागवित आहेतं को–या निविदेचा नमुना, कार्यकारी अभियंता, इलाखा शहर विभाग, मुंबई, यांचे कार्यालयातून दिनांक 09042025 ते 17042025 पर्यंत देण्यांत येईलं खालील कामाच्या निविदा कार्यकारी अभियंता, इलाखा शहर विभाग, मुंबई, 2 रा माळा, बांधकाम भवन, 25 मर्झबान रोड, कार्यकारी अभियंता, इलाखा शहर विभाग, मुंबई, भरुन पाठविलेल्या सिलबंद निविदा दिनांक 21042025 पूर्वी त्यादिवशी दुपारी 200 वाजेपर्यंत स्विकारतील आणि शक्यतो त्याच दिवशी उघडतीलं

| अंक्र | कामांचे नांव | अनुमानित कीमत रू0 लाख में | इसारा रक्मम | काम पूण करण्याची कालमर्यादा | निविदा नमूना प्रकार | निविदा नमुन्याची किमत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नौकर क्वार्टर और अन्य संरचना पुराने कस्टम हाउस मुख्य भवन मुंबई की विस्तृत योजना बनाना।(CM-32982) | रु.306000.00 | रु.3900.00 | 1 महीना | ड | 590 |
| 2 | मुंबई में मैडम कामा रोड पर नई प्रशासनिक बिल्डिंग के लिए सीआर - तीसरी, चौथी, पांचवीं, 17वीं, 18वीं, 19वीं मंजिल के मुख्य द्वार पर नाम प्लेट और कार्यालय का नाम लगाना और उपलब्ध कराना। (एसबी-32846) | रु.453735.00 | रु.4600.00 | 1 महीना | ड | 590 |
| 3 | मुंबई के पुराने कस्टम हाउस के परिसर में टाउन हॉल भवन की विस्तृत योजना का कार्य पूरा किया जा रहा है।(CM-32981) | रु.257000.00 | रु.2600.00 | 1 महीना | ड | 590 |
| 4 | मुंबई के मालबार हिल में वर्षा बंगलो के पर्दे, चादर, गद्दे, कुर्सी और अन्य सामान की आपूर्ति। | रु.834746.00 | रु.8400.00 | 1 महीना | ड | 590 |
| 5 | मध्य रेलवे से मैडम कामा रोड पर नई प्रशासनिक बिल्डिंग तक - मुंबई में तीसरी, चौथी, पांचवीं मंजिल पर मुख्य द्वार पर नाम प्लेट और कार्यालय का नाम उपलब्ध कराना और लगाना। (एसबी-32844) | रु.253065.00 | रु.2600.00 | 1 महीना | ड | 590 |

कार्यकारी अभियंता यांनी राखून ठेवला आहें कार्यकारी अभियंता, इलाखा शहर विभाग, मुंबई यांचे कार्यालयामध्ये सूचना फलकावार सविस्तर निविदा सूचना पहावयास मिळेलं एक किंवा सर्व निविदा कोणतेही कारण न देता रद्द ठरविण्याचा अधिकार

डीजीआईपीआर/सी 123/2025–26

जां0 क्रं0 काअ/इशवि/भांडार/ डी– निविद्म 4284
कार्यकारी अभियंता, यांचे कार्यालय,
इलाखा शहर विभाग, बांधकाम भवन, 2 रा मजला,

वि अं पाटसकर
कार्यकारी अभियंता,
इलाखा शहर विभाग, मुंबई

## संक्षेप

### गैर-इरादतन हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**सिमौनी सब्जी मंडी से पकड़ा, घटना में इस्तेमाल डंडा भी बरामद**

बांदा, थाना बबेरू पुलिस ने गैर-इरादतन हत्या के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को सिमौनी सब्जी मंडी के पास से पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल किया गया डंडा भी बरामद कर लिया है। बबेरू थाना क्षेत्र के सिमौनी गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था। इस दौरान आरोपी ने रहीम बक्श (करीम के पुत्र) पर डंडे से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल रहीम की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के परिजनों की शिकायत पर बबेरू थाने में मामला दर्ज किया गया था। एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर जनपद में अपराध और अपराधियों पर नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत 8 अप्रैल को आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

### खाटू श्याम की निशान यात्रा

**सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया हिस्सा, जगह-जगह फूल बरसाकर किया स्वागत**

अमरोहा, बाबा खाटू श्याम जी की निशान यात्रा बड़े धूमधाम से निकाली गई। यात्रा बड़े बाजार स्थित बाबा गंगानाथ मंदिर से शुरू हुई। यह यात्रा बड़ा बाजार, कोतवाली, बसावन गंज, गुजरी, बाजार कटरा से होते हुए पुष्कर नगर स्थित बालाजी धाम मंदिर तक पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। श्रद्धालु हाथों में बाबा का निशान लिए जयकारे लगाते और भजन गाते चले। मार्ग में लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। भक्तों ने रास्ते में जलपान की व्यवस्था भी की। सुरक्षा व्यवस्था के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा। बालाजी धाम मंदिर पहुंचने पर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में संजीब कुमार अग्रवाल, ममता अग्रवाल, तरुण अग्रवाल समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### डीआईजी का अमरोहा के डिडौली थाने का निरीक्षण

**कहा- महिला अपराधों पर गंभीरता से कार्रवाई करें, माफियाओं पर सख्ती के निर्देश**

अमरोहा, डीआईजी मुनिराज जी ने बुधवार को अमरोहा के डिडौली थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। एसपी अमित कुमार आनन्द भी इस दौरान उपस्थित रहे। डीआईजी ने थाने के विभिन्न हिस्सों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने रजिस्टरों का रखरखाव देखा। हवालात, माल खाना और बैरक की जांच की। मेस, कार्यालय और सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी जायजा लिया। थाना प्रभारी हरीश वर्धन सिंह को उत्कृष्ट साफ-सफाई और बेहतर रखरखाव के लिए सराहा। डीआईजी ने पुलिसकर्मियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने महिला अपराधों पर विशेष ध्यान देने को कहा।

# पिता और 3 बच्चों को कुचला

## मौके पर मौत, बालू लदा ट्रक बैक कर रहा था ड्राइवर; रौंदते हुए पलट गया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, ट्रक से कुचलकर पिता समेत 3 बच्चों की मौत हो गई। बुधवार तड़के एक ट्रक निमार्णाधीन रेलवे पावर हाउस पर जा रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना नैनी थाना क्षेत्र की है। पुलिस के मुताबिक, हादसे में सागर (14), शबनम (13) और संगम (10) की मौत हो गई है। परिजनों को सूचना दे दी है। ट्रक को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। झोपड़ी के बाहर सो रहा था परिवार नैनी में यमुना पुल के पास रेलवे का निमार्णाधीन पावर हाउस है। मजदूर छोटेलाल का परिवार इसी पावर हाउस में काम करता था। बुधवार तड़के करीब 3 बजे पूरा परिवार झोपड़ी के बाहर सो रहा था। तभी बालू से लदा ट्रक वहां से गुजरा। परिवार के लोगों को रौंदता हुआ निकल गया। गार्ड मुन्ना सिंह ने बताया- नैनी के लेप्रोसी चौराहे के पास रेलवे का नया पावर हाउस बन रहा है। बुधवार सुबह हादसे की सूचना मिली। हादसे में 45 साल छोटेलाल और उसके तीन बच्चों की मौत हो गई। इसमें सागर (14), शबनम (13) और संगम (10) हैं। सभी शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के खान सेमरी गांव का रहने वाले थे। ट्रक बैक कर रहा था ड्राइवर नैनी थाना प्रभारी वैभव सिंह ने बताया- जिस समय घटना हुई, ड्राइवर ट्रक को बैक कर रहा था। पुलिस ने ट्रक को सीज कर दिया है। ट्रक मालिक से संपर्क कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। सहायक पुलिस आयुक्त वरुन कुमार का कहना है कि रात में डेढ़ बजे पुलिस को हादसे में 4 लोगों के मरने की सूचना मिली थी। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इसमें ट्रक चालक को कब्जे में ले लिया गया है। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# स्टेशन पर टीटीई से मारपीट

## दुरंतो एक्सप्रेस के गार्ड कोच की चेकिंग पर भड़के कर्मचारियों ने प्लेटफॉर्म पर की पिटाई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, जंक्शन पर एक टीटीई के साथ रेल गार्डों द्वारा की गई मारपीट का मामला सामने आया है। जिसका वीडियो बुधवार की सुबह सोशल मीडिया में वायरल हो गया है। घटना मंगलवार दोपहर की है। मुंबई से प्रयागराज आने वाली दुरंतो एक्सप्रेस में टिकट चेकिंग के दौरान विवाद शुरू हुआ। टीटीई एमके पोदर सतना से ड्यूटी पर थे। उन्होंने गार्ड कोच (एसएलआर) में भी टिकट चेकिंग की। इस पर गार्ड जगदीश प्रसाद नाराज हो गए।

गार्ड ने प्रयागराज जंक्शन पर अपने कुछ साथियों को बुला लिया। ट्रेन प्रयागराज पहुंची, टीटीई को प्लेटफॉर्म पर कुछ रेलकर्मियों ने घेर लिया। उन्होंने थप्पड़ों से हमला कर दिया। आरपीएफ जवान मौके पर मौजूद थे। उन्होंने बीच-बचाव की कोशिश की। लेकिन आरोपी टीटीई को गालियां देते और पीटते रहे। किसी यात्री ने इस घटना का वीडियो बना लिया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में साफ दिख रहा है कि टीटीई को घेरकर पीटा जा रहा है। आरपीएफ ने टीटीई को बचाया और उनकी मेडिकल जांच कराई। मामले की शिकायत दर्ज कर ली गई है। रेलवे प्रशासन ने जांच के आदेश दे दिए हैं। प्रयागराज के सीनियर डीसीएम हिमांशु शुक्ला ने कहा कि यह गंभीर मामला है। डीओएम को जांच सौंपी गई है। सीसीटीवी फुटेज और वायरल वीडियो के आधार पर दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध पेड़ कटान का भंडाफोड़

- बिना अनुमति आम के पेड़ काट रहे तीन गिरफ्तार, दो ट्रैक्टर और तीन बाइक जब्त

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, पुलिस ने वन विभाग की अनुमति के बिना हरे आम के पेड़ काटने के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान यह कार्रवाई की गई। मुसाफिरखाना थाना प्रभारी विवेक कुमार सिंह को मुखबिर से सूचना मिली। ग्राम मानामदनपुर के पास कुछ लोग हरे आम का पेड़ काटकर ट्राली में लाद रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों में छोटेलाल (45), तुलसी (42) और सलमान (28) शामिल हैं। छोटेलाल और तुलसी ग्राम कस्थुनी पूरब के रहने वाले हैं, जबकि सलमान रसूलाबाद का निवासी है।पुलिस ने मौके से दो इलेक्ट्रॉनिक आरा मशीन और 36 टुकड़े हरे आम की लकड़ी के बरामद किए। साथ ही तीन मोटरसाइकिल - स्प्लेंडर, स्प्लेंडर प्रो, होंडा शाइन और दो ट्रैक्टर-ट्रॉली भी जब्त किए गए। आरोपी वाहनों के कागजात भी नहीं दिखा सके।पुलिस ने आरोपियों को आज सुबह गिरफ्तार किया। मुसाफिरखाना थाना पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# बहुजन संगठनों का सुल्तानपुर में प्रदर्शन

## ईवीएम हटाने और ओबीसी जनगणना की मांग, 1 जुलाई को भारत बंद का ऐलान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, बहुजन समाज के विभिन्न संगठनों ने देशव्यापी जेलभरो आंदोलन में हिस्सा लिया। भारत मुक्ति मोर्चा और बहुजन क्रांति मोर्चा समेत कई संगठन इसमें शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने ईवीएम से चुनाव कराने को असंवैधानिक बताया। उन्होंने बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग की। साथ ही ओबीसी की जाति आधारित जनगणना पर जोर दिया। संगठनों का कहना है कि केंद्र सरकार जनगणना से इनकार कर पिछड़े वर्ग को विकास योजनाओं और आरक्षण से दूर कर रही है। आंदोलनकारियों ने महाबोधि महाविहार को बौद्ध अनुयायियों के नियंत्रण में देने की मांग रखी। उन्होंने वक्फ संशोधन विधेयक-2025 का विरोध किया। संगठनों के अनुसार यह विधेयक संविधान के अनुच्छेद 14, 25, 26 और 29 का उल्लंघन करता है। प्रदर्शनकारियों ने गांव, तहसील और जिला स्तर पर बहुजन समाज के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक मुद्दों को उठाया। मांगें न माने जाने पर 1 जुलाई 2025 को भारत बंद का ऐलान किया गया है। संगठनों ने राष्ट्रपति और जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर वक्फ की स्वायत्तता बनाए रखने और उनकी संपत्तियों की सुरक्षा की मांग की है।

# जल जीवन मिशन की लापरवाही से यातायात बाधित

- खोदी गई सड़कें सही से भरी नहीं जा रहीं, वाहन चालक हो रहे परेशान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, कादीपुर नगर पंचायत क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल आपूर्ति कार्य से लोग परेशान हैं। कार्यदायी संस्थाएं बिना किसी पूर्व सूचना के रात में सड़कें खोदकर पाइपलाइन बिछा रही हैं। खोदी गई सड़कों को ठीक से नहीं भरा जा रहा है। कादीपुर तहसील के पास प्रतापगढ़, अम्बेडकर नगर और पूर्वांचल एक्सप्रेस वे जाने वाले वाहन फंस रहे हैं। मुख्य मार्ग पर यातायात बाधित होने से आम नागरिकों को दिक्कतें हो रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी यही स्थिति है। डीएम कुमार हर्ष और मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने समाधान दिवस पर विभाग को सख्त निर्देश दिए थे। लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ है। धीमी गति से चल रहा काम कादीपुर विकास क्षेत्र में जल जीवन मिशन की योजना धीमी गति से चल रही है। खतीवपुर, मोहम्मदाबाद, कादीपुर खुर्द, रानीपुर कायस्थ, जलालपुर, अल्देमऊ नूरपुर और गोपालपुर समेत कई गांवों में योजना विफल हो रही है। कार्यदायी संस्थाओं ने पंप हाउस और पानी की टंकी का निर्माण अधूरा छोड़ दिया है। डीएम-सीडीओ ने किया था दौरा डीएम और सीडीओ ने हाल ही में कई गांवों का दौरा किया।

# सपा महिला सभा का अमेठी में विरोध मार्च

## दिल्ली सीएम की अखिलेश पर टिप्पणी और गैस के बढ़े दामों के खिलाफ प्रदर्शन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अमेठी जिला, अमेठी में समाजवादी पार्टी की महिला सभा ने दिल्ली की मुख्यमंत्री की विवादित टिप्पणी और गैस सिलेंडर के बढ़ते दामों के विरोध में प्रदर्शन किया। सपा महिला जिला अध्यक्ष गुंजन सिंह के नेतृत्व में दर्जनों महिलाएं सड़कों पर उतरीं। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने हाथों में चूल्हा और गैस सिलेंडर लेकर पूरे कस्बे में नारेबाजी की। उन्होंने तहसील पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा। महिला जिला अध्यक्ष गुंजन सिंह ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के बारे में अशोभनीय टिप्पणी की है। उन्होंने मांग की कि भाजपा को इस पर कार्रवाई करनी चाहिए। गुंजन सिंह ने कहा कि वे ईंट का जवाब पत्थर से दे सकते हैं, लेकिन उनके संस्कार ऐसा नहीं करने देते। उन्होंने गैस सिलेंडर की बढ़ी कीमतों पर भी चिंता जताई। कहा कि इससे रसोई का बजट बिगड़ गया है। महिला नेता ने सरकार से गैस सिलेंडर के बढ़े दामों को वापस लेने की मांग की।

# जाति प्रमाणपत्र के लिए छात्रा परेशान

## डीएम से लगाई गुहार, बोली-दुपट्टे में फोटो लगाया, इसलिए किया निरस्त; नहीं भर पाई नीट का फार्म

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, जाति प्रमाणपत्र के लिए एक छात्रा कई महीनों से परेशान है और अब उसने जिलाधिकारी से गुहार लगाई है। पीड़िता ने बताया कि उसने तीन बार जाति प्रमाणपत्र के लिए आवेदन किया, लेकिन लेखपाल और अन्य जांच अधिकारियों ने बिना किसी जायज कारण के उसका आवेदन निरस्त कर दिया। उनसे इस बारे में जांच अधिकारियों से बात भी की, लेकिन उसे संतोष जनक जवाब नहीं मिला और वह पिछले कई महीनों से भटक रही है। पीड़िता ने जिलाधिकारी के नाम लिखित शिकायत देकर उनसे जाति प्रमाणपत्र बनवाने की गुहार लगाई है। वहीं पीड़िता की शिकायत के बाद अधिकारियों ने उसे आश्वासन दिया है कि जल्दी ही उसका प्रमाणपत्र बन जाएगा। तहसील कोल के भगवानगढ़ी की रहने वाली हेमा कश्यप पुत्री सुरेंद्र सिंह ने लिखित शिकायत देकर बताया कि 15 मार्च और 19 मार्च को जाति प्रमाणपत्र के लिए आवेदन किया था। इसमें उसने दुपट्टा बांधे हुए फोटो लगाई थी। जिसके कारण उसका आवेदन निरस्त किया गया है। इसके बाद उसने संबंधित लेखपाल से भी बात की, लेकिन उन्होंने उसे ठीक से जवाब नहीं दिया। फिर उसे बताया गया कि उसने सिर में दुपट्टा बांध रखा है। दुपट्टे वाली फोटो में वह पहचान में नहीं आ रही थी। इसके बाद छात्रा ने दुबाना बिना दुपट्टे के आवेदन किया। लेकिन तीसरी बार भी उसका आवेदन निरस्त कर दिया गया है। पीड़ित छात्रा ने बताया का पिछले 1 साल से मेडिकल की तैयारी कर रही है। उसे इस बार नीट परीक्षा के लिए आवेदन करना था। लेकिन जाति प्रमाणपत्र समय पर न बनने के कारण वह आवेदन नहीं कर पाई। आवेदन में जाति प्रमाणपत्र साथ में लगाना होता है। प्रमाणपत्र न होने के कारण उसका एक साल खराब हो गया है। एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। छात्रा ने आवेदन किया है, तो उसका प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा। अगर इसमें किसी की लापरवाही सामने आई तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# एसपी सुलतानपुर का थाना धम्मौर में औचक निरीक्षण

## महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीवी कंट्रोल रूम समेत सभी व्यवस्थाओं का जायजा, दिए जरूरी निर्देश

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने बुधवार को थाना धम्मौर का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने थाना क्षेत्र के मुख्य मार्गों और चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए। एसपी ने महिला हेल्प डेस्क का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने पीड़िताओं की शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया की जानकारी ली। कार्यालय में अपराध रजिस्टर का निरीक्षण कर माल मुकदमाती और लावारिस वाहनों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। थाने के मैस में साफ-सफाई और भोजन की गुणवत्ता की जांच की गई। त्योहार रजिस्टर और टॉप-10 अपराधियों की सूची का अवलोकन कर अधिक प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। शराब, खनन, पशु और वन माफियाओं पर गैंगस्टर एक्ट के तहत की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। एसपी ने हिस्ट्रीशीटरों की नियमित चेकिंग और फ्लाई सीट में प्रविष्टियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। महिला संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता देने और निष्पक्ष कार्रवाई करने पर जोर दिया। थाना प्रभारी को जनता के लिए स्वच्छ वातावरण, पेयजल और प्रसाधन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# किशोर ने किया सुसाइड

## कपड़े धोने को लेकर बहन से झगड़ा हुआ, जंगल में पेड़ से लटका मिला शव

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, अमेठी के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के शुकुलपुर गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। रणंजय इंटर कॉलेज में कक्षा 7 के छात्र नितिन कुमार (14) ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। नितिन का अपनी छोटी बहन से कपड़े धोने को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद वह घर से लापता हो गया। परिजन देर रात तक उसकी तलाश करते रहे। बुधवार सुबह जब कुछ ग्रामीण नदी किनारे शौच के लिए गए, तो उन्होंने जंगल में एक पेड़ पर नितिन का शव लटका देखा। पुलिस रात में कर रही थी तलाश संग्रामपुर एसएचओ संदीप राय ने बताया कि रात में सूचना मिलने पर पुलिस ने भी नितिन की तलाश की थी। सुबह शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता राजबहादुर पंजाब के लुधियाना में रहते हैं। घटना की जानकारी मिलते ही वे घर के लिए रवाना हो गए हैं। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है।

# सट्टे का काला कारोबार

## लेन-देन में धमकी मिलने पर युवक ने लगाई आग, सट्टेबाज दे रहे थे जान से मारने की धमकी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, सट्टा का काला कारोबार युवाओं को बर्बाद कर रहा है। सट्टेबाज अपने स्वार्थ में पहले युवाओं को फंसाते हैं और फिर उससे रुपयों की वसूली के लिए धमकी देते हैं। ऐसा ही एक मामला मंगलवार की देर शाम को वृंदावन में सामने आया। जहां सट्टेबाजों की धमकी से परेशान युवक ने खुद को आग लगा ली। गंभीर रूप से झुलसे युवक को इलाज के लिए आगरा रेफर कर दिया। वृंदावन कोतवाली क्षेत्र की मथुरा गेट पुलिस चौकी इलाके के गौरानगर कॉलोनी के रहने वाले युवक नितिन ने मंगलवार की देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में खुद पर पैट्रोल डालकर आग लगा ली। गंभीर रूप से झुलसे नितिन को इलाज के लिए जिला संयुक्त चिकित्सालय ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे इलाज के लिए आगरा रेफर कर दिया। जिला संयुक्त चिकित्सालय में इलाज के लिए लाए गए नितिन ने बताया उस पर कुछ कर्जा था। जिसे चुकाने के लिए परेशान रहता था। इसी दौरान कुछ लोगों से मुलाकात हुई। उन लोगों ने नितिन से सट्टा लगाने के लिए कहा। जिसके बाद नितिन सट्टा लगाने लगा। एक के सौ करने के चक्कर में नितिन इस कदर फंसा कि कर्जा तो दूर नहीं हुआ बल्कि बढ़ता चला गया। जिसे चुकाने के लिए सट्टेबाज दबाव बनाने लगे। नितिन के भाई राहुल ने बताया कि वह जब घर पर पहुंचे तो पता चला कि सट्टे का कोई मामला है। राहुल ने बताया कि उसके भाई का कहना है कि सट्टेबाज उसे टॉर्चर कर रहे हैं, जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इसने कुछ पैसे वापस भी कर दिए थे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा एफ.एल.टी.-एल.जी.-75, आर.एम. 4/4, इंदिरा नगर, सुंदर बाग, आर.डी. कुर्ला (प.) मुम्बई, 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं एस.आर. पब्लीकेशन, मोहन अर्जून कम्पाउंड गोदाम नं. 8,9,10 नीयर घाटन पाड़ा, वैशाली नगर, लास्ट बस स्टाप, दहिसर (पूर्व), मुम्बई 400068 महाराष्ट्र से मुद्रित ।। सम्पादक- खुशीराम शर्मा ।।
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 02248253669,8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173 संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001 भारत संवाद सिटी ऑफिस- फ्लैट नंबर 24, सेकंड फ्लोर, कांटेक्टर बिल्डिंग, ब्लार्ड स्टेट, वजू कोटक मार्ग, शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 महाराष्ट्र।